


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 308, पृष्ठ 24+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार, 28 जनवरी 2024



**आज का मौसम** 17.0° अधिकतम तापमान | 8.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 07 : 06 सूर्यास्त 05 : 50

इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...23

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

**43** वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम

▶▶ **बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब**

"दो साल पहले एक वीडियो संदेश में मैंने कहा था कि संन्यास लेने जा रहा हूं क्योंकि मैं मैच नहीं जीत रहा था। मैंने पांच महीने तक एक भी मैच नहीं जीता था। सोचा कि मेरे सफर का अंत हो गया है लेकिन मेरी अंदर की भूख और दृढ़ संकल्प ने मुझे जारी रखा। इससे वास्तव में काफी चीजें बदल गईं और मुझे एक शानदार जोड़ीदार मिला जिससे मैं यह उपलब्धि हासिल कर पाया।"
**-रोहन बोपन्ना,** भारतीय टेनिस खिलाड़ी



**आतंक वित्तपोषण मामला**

## हिजबुल आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है और इसमें हिजबुल मुजाहिदीन के कुछ आतंकवादियों का नाम शामिल है। संघीय एजेंसी ने शनिवार को कहा कि आरोपपत्र 25 जनवरी को श्रीनगर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत के समक्ष दायर किया गया था।

## खेलो इंडिया की तर्ज पर हर ब्लॉक में होगा खेलो उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की। कहा कि केंद्र की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर बजट तय होगा। खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं, उनको सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेताओं को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

### आज सरकार पैसा भी दे रही और नौकरी भी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की राशि प्रदान की गई है तो 7 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहले पैसा देकर नौकरी खरीदते थे, आज सरकार नौकरी भी दे रही है और पैसा भी। सरकार ने पहले से संकल्प लिया है कि हम हर जनपद में स्टेडियम बनाएंगे, हर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाएंगे, हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और ओपन जिम बनाएंगे। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी हो, इसका भी प्रावधान करेंगे। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।




### घोषणाएं और सम्मान

- ▶▶ मुख्यमंत्री योगी ने किया एलान खिलाड़ियों को निश्चित मानदेय पर खेलो यूपी सेंटर में नियुक्त किया जाएगा कोच
- ▶▶ एशियन गेम्स 2022, पैराएशियन गेम्स 2022 और 37वें नेशनल गेम्स 2023 में पदक हासिल करने खिलाड़ी सम्मानित
- ▶▶ मुख्यमंत्री ने पदक विजेता और हिस्सा लेने वाले कुल 189 खिलाड़ियों को वितरित की 62 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि
- ▶▶ 7 खिलाड़ियों को मिला पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी व यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र

## एक नजर

### 'सहेली' के जनक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन



**लखनऊ।** देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक व सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन हो गया। 99 साल के डॉ. नित्यानंद को तबीयत बिगड़ने के बाद 29 नवंबर को एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती किया गया था। तभी से उनका इलाज एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा था। इस बीच इन्फेक्शन बढ़ने के साथ उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट भी दिया गया।

### तीन आईएएस के तबादले कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में तबादलों का सिलसिला जारी है। शनिवार को तीन आईएएस के तबादले किए गए। आईएएस बी. चन्द्रकला को सचिव पंचायती राज से सचिव महिला कल्याण बनाया गया है। चन्द्रकला से अपर निबंधक सहकारिता का प्रभार भी हटाया गया है। वहीं, छुट्टी से लौटे अनुराग यादव को सचिव नियोजन बनाया गया है। प्रमुख सचिव सहकारिता बाबूलाल मीना के छुट्टी पर जाने के चलते सचिव कृषि राजशेखर को सहकारिता विभाग का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।

### पंजाब में सड़क सुरक्षा फोर्स की शुरूआत

**जालंधर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष ''सड़क सुरक्षा फोर्स'' की शनिवार को शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंजाब इस तरह की पहल करने वाला पहला राज्य है और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त की। मान ने कहा कि राज्य में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में 17-18 लोगों की जान चली जाती है।

### हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पर मुकदमा दर्ज

**जींद (हरियाणा)।** हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पर महिला से छेड़छाड़, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया। जुलाना थाना प्रभारी समरजीत सिंह के मुताबिक, एक महिला ने शिकायत में बताया कि मासूम शर्मा, भाई विकास व दीपक, पिता बालकराम, मां शकुंतला, हरिओम व प्रवीन और 20 अन्य ने उससे मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

# दंगा नहीं, उत्सव प्रदेश बना यूपी

### बदायूं के दातागंज क्षेत्र के सैजनी में मुख्यमंत्री योगी ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

### 2014 से पहले था बीमारू, आज समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का उत्तर प्रदेश है। जहां समृद्धि, सुरक्षा और सुशासन व सुव्यवस्था है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश था। जून 2015 से योजनाएं लागू हुईं तो प्रदेश की व्यवस्थाओं में बहुत सुधार आया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर होने जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।



लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

### उप्र. में जल्द लगेंगे 100 बायो गैस प्लांट : पुरी

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके अलावा राज्य के 8 अन्य जनपदों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बड़ा सहयोग मिल रहा है। बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से पूर्व लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं प्लांट के बारे में कहा कि करीब 135 करोड़ के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। बायो गैस पराली के निदान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# नीतीश कुमार का गठबंधन से हुआ मोहभंग, देंगे इस्तीफा

### शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने जोर देकर कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे। इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में त्यागी शायराना अंदाज में कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। जब उलझ जाती है गुत्थी तो सुलझाने में लग जाता हूं मैं। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि नीतीश के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए।



### बिहार में प्रमुख दलों की स्थिति

- जदयू-45
- राजद-79
- बीजेपी-78
- कांग्रेस-19
- हम-04
- अन्य-18
- विधानसभा में कुल सीटें-243

### लालू ने राजद विधायकों से कहा- पटना में ही रहें

बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरिष्ठ नेता भोला यादव, श्याम रजक समेत पार्टी के विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान लालू यादव ने अपने विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। लालू ने कहा कि इस्तीफा नहीं देना है।

### गिरिराज बोले- भाजपा रख रही घटनाक्रम पर नजर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच कहा कि न तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और न ही लालू प्रसाद यादव ने अभी तक कहा कि वे महागठबंधन से बाहर जा रहे हैं। इसलिए उनकी पार्टी प्रदेश के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। गिरिराज ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्हें कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

## प्रधानमंत्री की एडिट वीडियो वायरल करने में एक गिरफ्तार

संवाददाता, पाकबड़ा( मुरादाबाद )

▶▶ **अभद्र भाषा में रिकार्ड कर की थी वायरल, पुलिस ने भेजा जेल**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो एडिट करने के बाद उसमें अमर्यादित एवं अभद्र भाषा रिकार्ड कर वायरल करने पर पुलिस ने एक झोलाछाप को गिरफ्तार किया है। वीडियो एडिट कर उसने अपने व्हाट्सएप से वायरल किया था। भनक लगने पर किसी व्यक्ति ने ट्वीट पर शिकायत कर दी। पुलिस हरकत में आई और उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया ,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

26 जनवरी को जब देशवासी गणतंत्र दिवस मना रहे थे उसी समय थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर की मडैया निवासी नाजिम पुत्र मुख्तयार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वीडियो को एडिट कर उसमें अभद्र एवं मर्यादित भाषा रिकार्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। झोलाछाप नाजिम गांव में ही क्लीनिक चलाता है। पुलिस ने उससे वह मोबाइल भी बरामद किया जिससे उसने वीडियो वायरल की थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि नाजिम ने प्रधानमंत्री की वीडियो में एडिट कर अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था। जिसकी सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## केरल के राज्यपाल को जेड प्लस सुरक्षा



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा बढ़ाकर जेड प्लस कर दी है। राजभवन ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। केरल के कोल्लम जिले में उस घटनाक्रम के बाद यह कदम उठाया गया है जिसमें राज्यपाल खान केरल में कोल्लम जिले के निलमेल में शनिवार को उनके खिलाफ 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन करने पर अपने वाहन से बाहर निकले और प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क किनारे एक दुकान के सामने बैठ गए।

# अखिलेश यादव ने किया खुलासा कांग्रेस को देंगे लोकसभा की 11 सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ▶▶ **सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी**
- ▶▶ **कांग्रेस नेताओं ने कहा, बातचीत अभी जारी है, सीटों की संख्या फाइनल नहीं**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट देने की बात का खुलासा किया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी।



वहीं, सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, ऐसे में अभी बातचीत फाइनल नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व ने भी सीटों के समझौते पर बातचीत जारी रहने की प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्पष्ट किया है कि, मंथन जारी है, तस्वीर साफ होने के बाद हम घोषणा कर सकेंगे। इससे पूर्व रालोद का 7 सीटों पर लड़ने का सपा के साथ समझौता हो चुका है।

## आयुध कारखाने में विस्फोट, कर्मी की मौत

**भंडारा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई। पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है।

# राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ **नौकरी के बदले जमीन मामला**

दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। न्यायाधीश ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के एक कथित करीबी सहयोगी कात्याल (49), रेलवे कर्मचारी एवं कथित लाभार्थी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को उनके साझा निदेशक शारिकुल बारी के माध्यम से भी आरोप पत्र में नामजद किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार करके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संचालित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस ने जिले के करनाह इलाके में आतंकवादियों से जुडे पांच लोगों गिरफ्तार करके हथियारों तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने एक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जो लश्कर-ए-तैयबा के पीओके स्थित दो आकाओं द्वारा इस ओर भेजे गए हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल था।

**सुविधा** डायल-112 मुख्यालय में बनाई गई पांच स्पेशल हेल्प डेस्क, तमिल, बंगाली, पंजाबी, उड़िया समेत अन्य भाषाओं के लोगों को मिलेगी राहत

# पर्यटकों की भाषाई राह आसान करेगी डायल-112 की हेल्प डेस्क

विनय शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के कई हिस्सों से भारी संख्या में लोग प्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने आते हैं। कई बार पर्यटकों के समक्ष भाषाई संकट खड़ा हो जाता है। अपराधिक घटनाओं में तो भाषा की और दिक्कतें आती हैं। ऐसे में पुलिस कंट्रोल रूम यानि 112 पर मुख्यालय में बैठे कर्मियों को उनकी भाषा समझने और बोलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की भाषा समझने में दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए डायल-112 ने एक नई सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के किसी भी शहर में रहने वाले कॉलर अपनी भाषा में पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर हर संभव मदद ले सकता है।

112

▶▶ **अयोध्या, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों को मिलेगा फायदा**

"रोजाना 50 से 100 कॉल औसतन अन्य भाषाओं में आती है। जिसे समझने के लिए काफी दिक्कतें आती हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और समस्या का हल निकाला जाएगा।"
**-नीरा रावत,** एडीजी, डायल-112 यूपी

### हेल्प डेस्क सेवा की शुरुआत पहली बार

दरअसल, प्रदेश के शहरों और ग्रामीण अंचलों से डायल-112 मुख्यालय में हजारों कॉल आती हैं। अक्सर मदद मांगने के लिए ऐसी कॉल आती है कि उसकी भाषा समझ पाना मुख्यालय में बैठे कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाता है। खासतौर यह कॉल पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों से जुड़ी होती है। कॉल रिसीव होने पर यह लोग अपनी भाषा में मदद की गुहार लगाते हैं। फोनकर्ता की समस्या समझने और उन्हें हर संभव मदद के लिए डायल-112 के मुख्यालय में पहली बार पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां बैठने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग भाषाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

### वालंटियर को कॉल कांफ्रेंस कर निकाला जाएगा हल

डायल-112 के एडिशनल एसपी मोहिनी पाठक के मुताबिक, मुख्यालय में अलग-अलग भाषाओं से रही कॉल को समझने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। अब पांच हेल्प डेस्क के माध्यम से इस तरह की कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। डेस्क पर कार्यरत कर्मचारी पीड़ितों की संभव मदद करेंगे।

### घटनास्थल पर पुलिस ऐसे करेगी कम्युनिकेट

एडिशनल एसपी ने बताया कि शिकायत लिखने के बाद पुलिस मुख्यालय में कायर्रत कर्मचारी फौरन नजदीकी पीआरवी में सूचना देंगे। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुचंते ही शिकायतकर्ता से मिलने के बाद भाषणी एप्लीकेशन का इस्तेमाल करेंगे। इस एप में देश में बोली जाने वाली तमाम भाषाओं का संग्रह है। जिसके माध्यम से पुलिसकर्मी शिकायकर्ता को समझाने का जतन करेंगे। मसलन, जो भी बातचीत होगी, बोलकर या लिखकर एक दूसरे की बातें समझ लेगी।

## एक नजर

### पादरी बृजेश मेंसेल ने किया ध्वजारोहण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर पीलीकोठी स्थित फिलिप मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में पास्टर इंचार्ज पादरी बृजेश मेंसेल ने ध्वजारोहण किया। चर्च में प्रार्थना की गई। पादरी रोहित मेसी द्वारा प्रार्थना का संचालन किया गया। पादरी अनिल सी लाल ने प्रार्थना कराई। कार्यक्रम विजय यू सिंह, अनिल, जौनी राठौर, अभिषेक विल्सन, समुअल, सुभाष दास, सुरेंद्र तथा एडवोकेट आकाश आदि उपस्थित रहे।



आकाश इंस्टीट्यूट में तिरंगा फहराते डायरेक्टर विवेक शर्मा। ● अमृत विचार

### आकाश इंस्टीट्यूट में 75वां गणतंत्र दिवस मना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आकाश इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाया। सेंटर डायरेक्टर विवेक शर्मा ने ध्वजारोहण किया और शहीदों को नमन किया। उसके बाद स्टाफ को मिष्टान वितरण कर एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस दौरान अब्दुल कलाम, अनुराग गोले, राजकुमार आर्य, नीरज गुप्ता, अमन कुमार, अरमान अली, आकांक्षा शाक्य, निशा खान, इब्रा परवीन, आयुषी श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर दीपमाला का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की संध्या पर जैन सेवा समिति की ओर से महावीर पार्क में दीपमाला का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, युवा जैन मिलन से अरिहंत जैन, सम्यक जैन, प्रियांश जैन एवं समिति की अध्यक्ष नीलम जैन, मंत्री अनुज जैन, उपाध्यक्ष पंकज जैन, सलिल जैन, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे।



मंत्री जितिन प्रसाद को स्मृति चिह्न देते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना। ● अमृत विचार



गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

# संविधान ने देश में नागरिकों को समान अधिकार दिए

## पुलिस लाइन में जिले के प्रभारी व लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने ध्वजारोहण कर परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री व जिले के प्रभारी जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को 75वें गणतन्त्र दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मान प्रणाम ग्रहण किया।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने नागरिकों एवं पुलिस जवानों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व हमें संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदान करता है। इस देश को एक ऐसे धर्म निरपेक्ष गणतन्त्र का स्वरूप प्रदान कर सभी धर्म, वर्ग, जाति पंथ व क्षेत्र के लोगों को समान अधिकार प्रदान किए। प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में सभी परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया तथा सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पुलिस कर्मियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी पुलिस मुनिराज जी, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना को डीजी पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर निगम में महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त संजय चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



गणतंत्र दिवस पर नगर निगम में ध्वजारोहण करते महापौर विनोद अग्रवाल साथ में नगर आयुक्त संजय चौहान। ● अमृत विचार

### महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्त पोषित आशियाना कॉलोनी स्थित विहान बालक व बालिका आवासीय विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। ध्वजारोहण कर सभी राष्ट्रगान गाया व देशभक्ति नारे लगाए। सभी ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डन बीना देवी, सुशील कुमार, शोभा तिवारी, लेखाकार मोहसिन अहमद खान, अंकिता पाण्डेय, प्राची वर्मा, रोहिताश सिंह , सुभाष पाल, दीपक खोसला, विजय कुमार ,नईम फातिमा, राखी, रिंकी,अनुज कुमार , मयंक वर्मा, अकांशी, साकेत मिश्रा, मोहम्मद ताहिर, पुष्पेंदर, राम सिंह, दुर्गेश, रामकीर्ति, स्वाति, धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

### वकीलों ने धूमधाम से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी और जिला बार एसोसिएशन में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। अधिवक्ताओं ने देशभक्ति पर आधारित गाने गाकर और देश के प्रति समर्पित होने की बात कही। जनपद न्यायाधीश ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया। दी बार बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी और जिला बार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने अधिवक्ताओं को गणतंत्र दिवस पर संकल्प दिलाया कि हम सभी नैतिक मूल्यों को इतना ऊंचा रखेंगे कि संविधान हमेशा जीवित रहें। उन्होंने कहा कि संविधान के तीन मुख्य स्तंभ है पहला कार्यपालिका दूसरा विधायिका और तीसरा न्यायपालिका। इन सब में संविधान का सबसे सजग प्रहरी न्यायपालिका है। न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता इसके प्रमुख भाग हैं। न्यायपालिका ही है जो कार्यपालिका और विधायिका को असंवैधानिक कार्य करने से रोकती है। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी में ध्वजारोहण बार अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और जिला बार में अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने किया। संचालन महासचिव अभय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डीजीसी सिविल अजय गुप्ता, जिला बार के महासचिव सरदार प्रकाश वीर सिंह, अध्यक्ष हर स्वरूप सिंह, जुनैद एजाज, सुरेश चंद गुप्ता, सुनील कुमार सक्सेना, अभिषेक भटनागर, सुरेश चंद्र गुप्ता, सलीम अहमद, खलील अहमद, संजीव राघव, आदेश श्रीवास्तव, सीता सैनी, पारुल अग्रवाल, टीकाराम दिवाकर, रमा पांडे, देशराज शर्मा आदि अधिवक्ताओं ने विचार रखे।

### कमिश्नरी कार्यालय में मंडलायुक्त ने किया ध्वजारोहण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने मंडलायुक्त कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। मंडलायुक्त आयुक्त ने अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराने के साथ-साथ हमें संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति प्रेरित भी करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपना थोड़ा समय देश के लिए निकालें, देशभक्ति सीमा पर केवल लड़ना ही नहीं है हमारे बहादुर जवान जो देश की सीमा पर रक्षा करते हैं वो इस उम्मीद से करते हैं कि देश हमारा बेहतर रहेगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम बृजेश कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन द्वितीय बीएन यादव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अपर आयुक्त के पीए अशोक यादव, नाजिर सहित कार्यालय के कर्मचारी व अधिवक्ता आदि उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट में गणतंत्र दिवस पर शपथ दिलाते जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह।

### संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का अवसर देता है गणतंत्र दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व हमें अपने गौरवशाली संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का सुअवसर प्रदान करता है। उन्होंने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों को आत्म चिंतन एवं आत्म मंथन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट परिवार के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीआईजी समेत 314 पुलिसकर्मी सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड पर समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रभारी मंत्री ने परेड के प्रथम कमांडर एएसपी/सीओ हाईवे अमरिंदर सिंह, द्वितीय कमांडर एएसपी ऋषभ रूनवाल, तृतीय कमांडर एसआई मुर्शरफ अली और अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कार, पदक और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री जितिन प्रसाद ने कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी, डीएम मानवेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य अतिथि ने पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र से एसएसपी हेमराज मीना को सम्मानित किया। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर और चार इंस्पेक्टरों समेत 314 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

### श्रीराम चौक का उद्घाटन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्रीराम चौक का उद्घाटन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने किया। सीएल गुप्ता संस्थान के प्रणीत गुप्ता द्वारा चौक का निर्माण कराया गया। रामलीला दशहरा महोत्सव कमेटी की ओर से चौक पर झंडारोहण किया गया। पूर्व पार्षद चौधरी अजय दिवाकर, समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा महासचिव देवेंद्र शर्मा, सचिव श्रीचंद्र रावत, कोषाध्यक्ष मनोज चौहान, हरिओम उपाध्याय, संचित मुद्गल, अशोक एडवोकेट, मोंटी गुर्जर, पार्षद राजेश गुप्ता, फूल सिंह सैनी, कपिल शर्मा, द्रोपा देवी, अलका शर्मा, संगीता शर्मा, रेखा दिवाकर, प्रीति चौहान रहे।



भाजपा जिला कार्यालय पर गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रगान गाते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

# मोदी-योगी के नेतृत्व में देश कर रहा विकास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण हुआ। जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शक्ति अनंत हैं। मोदी-योगी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हम तभी कुछ हासिल कर सकते हैं जब हम अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक हों। भारत सक्षम भारत होगा, विकसित भारत होगा और आत्मनिर्भर भारत होगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सत्यपाल सैनी, एमएलसी गोपाल अंजान, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, हर ज्ञान सिंह, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, गिरीश वर्मा, प्रिया अग्रवाल, नवीन चौधरी,राजू कालरा, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, चकित चौधरी, संजीव चौहान, पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

### डीआरएम ने स्टेडियम में किया ध्वजारोहण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम में मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद मैदान में परेड का निरीक्षण किया।

बतौर मुख्य अतिथि डीआरएम ने रेलकर्मियों को विकास कार्य और उपलब्धियों की जानकारी दी। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्वेता रघुवंशी और पदाधिकारियों तिरंगा गुब्बारे छोड़े। सांस्कृतिक टीम ने देश भक्ति के गीतों से सभी को देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। स्काउट गाइड, बाल विद्या मंदिर, केन्द्रीय विद्यालय के प्रतिभागियों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दी। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजय सोयल ने प्रबंधक द्वारा घोषित किए गए पुरस्कारों की घोषणा की। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह सहित सभी विभाग प्रमुख कार्यक्रम में शामिल रहे।

# विकास भवन में सीडीओ ने फहराया तिरंगा

**कार्यक्रम**

- बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी
- विकास भवन में सीडीओ ने किया ध्वजारोहण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यालयों में विभाग के अधिकारियों ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लिया। विकास भवन में विभागों के अध्यक्षों ने कार्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण किया। विकास भवन प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी ने ध्वजारोहण किया। वहीं बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।



ध्वजारोहण के बाद संबोधित करते मुख्य अभियंता आरके बंसल। ● अमृत विचार



ध्वजारोहण करते सीडीओ।

विकास भवन में शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव विकास भवन पहुंचे। जहां उन्होंने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक, उपायुक्त एनआरएलएम आरपी भक्त, जिला अर्थ संख्या अधिकारी मोहम्मद परवेज, युवा कल्याण अधिकारी नरेश चौहान, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी मौजूद थे। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के बाद विकास भवन परिसर में मौजूद कर्मचारियों में मिठाई का वितरण किया गया। वहीं दिल्ली रोड स्थित उत्तर प्रदेश विद्युत पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता आरके बंसल ने अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं जिले के अधीक्षण अभियंता व सभी अधिशासी अभियंताओं ने अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।

# पेनाल्टी का रिफंड न मिलने से कारोबारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

- जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा
- जीएसटी पोर्टल की कमी से पेनाल्टी का नहीं मिल रहा रिफंड

**अमृत विचार:** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा शनिवार को जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के बार रूम में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली और संचालन महासचिव मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

कार्यकारिणी सभा में पिछली कार्यकारिणी बैठक की रिपोर्ट पढ़ी गई। जोनल टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा सात नये अधिवक्ताओं को सदस्यता प्रदान की गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि सचल दल द्वारा प्रांत के बाहर की जो गाड़ी पकड़ कर पेनाल्टी जमा कराई जाती है उसका अपील से रिफंड का आदेश होने के बाद भी जीएसटी पोर्टल की कमी के कारण रिफंड नहीं हो पा रहा है। अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली ने कहा कि इस बारे में उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या को दूर कराएंगे।

कार्यकारणी सभा में दीपक कुमार गुप्ता, सय्यद अशरफ अली, दीपक अग्रवाल, अनुज गुप्ता, अंजार हुसैन, नौशाद अहमद,आकाश गुप्ता, शावेज मालिक, रोहित हरि अग्रवाल, आशीष कपूर, सचिन अग्रवाल, राजदीप गोयल, आशीष कुमार अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, कमल कुमार सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### भाकियू तोमर गुट ने निकाली ने तिरंगा यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के सदस्यों ने पीतलनगरी बलदेवपुरी चौराहा (होली का मैदान) से तिरंगा यात्रा निकाली।

संगठन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र की अगुवाई में यात्रा होली का मैदान से प्रारंभ होकर पीतलनगरी गेट, पीलीकोठी चौराहा होते हुए सिविल लाइन स्थित आंबेडकर पार्क में राष्ट्रगान के साथ पूरी हुई। वार्ड 44 के पार्षद सोनू सैनी ने यात्रा का संचालन किया। कार्यक्रम में दिनेश कश्यप, सुधीर शर्मा, राहुल मिश्र, बंटी सागर, प्रदीप निषाद, शुभम पाठक, विनीत भारद्वाज, भोजराम सैनी, हरिओम सैनी, आकाश कश्यप, सुमित कश्यप, आकाश सैनी, संजय प्रजापति, अंकित ठाकुर, कपिल बहेलिया, अभिषेक शर्मा, कार्तिक मिश्रा तथा सिद्धांत मिश्र भाकियू (तोमर) के जिला मंत्री दिनेश कश्यप, सुधीर शर्मा शामिल रहे।

# जिले में उल्लास से मना गणतंत्र दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में गणतंत्र दिवस उल्लास से मनाया गया। सरकारी और निजी कार्यालयों में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कांग्रेस पार्टी ने भी गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकाली। राजकीय इंटर कॉलेज से सुबह आठ बजे शुरू हुई प्रभात फेरी का समापन गुरहट्टी चौराहे पर हुआ। इस दौरान दरीबा पान व टाउनहाल के शहीद स्मारकों व चौमुखापुल व गुरहट्टी के पार्टी कार्यालयों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के बाद मिष्ठान वितरण भी किया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, असद मौलाई, अफजल साबरी, आनंद मोहन गुप्ता, विवेक अग्रवाल, श्यामबाबू वाल्मीकि, राजेंद्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मोहतसीम मुख्तार, अनुराग शर्मा, हरीश शर्मा,बब्बन अब्बासी रहे। आईएमए भवन कचहरी पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। आईएमए अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल ने ध्वज फहराया और संविधान की संरचना के इतिहास के बारे में बताया। सदस्य डॉ. ऋचा गंगल व डॉ. बबीता गुप्ता ने आजादी के अमृत काल के बारे में बताया। सचिव डॉ. श्रुति खन्ना ने सभी का आभार प्रकट किया। आयोजन में डॉ. नीरज गुप्ता डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ वीएस दीक्षित, डॉ.अशोक कुमार, डॉ. भगत राम, डॉ. ऋचा गर्ग, डॉ. अनंत राणा, डॉ क्षितिज राणा, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. सुधीर मिड्ढा, डॉ राजेश रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य।

## शहर में आज

- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे।
- लालबाग स्थित कालीमंदिर पर सायंकालीन आरती 6 :00 बजे।

## एक नजर

### युवक को घेर कर पीटा चार पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : थाना मूंढापांडे में शुक्रवार शाम को पीड़ित रेहान अली ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बाबू अली के बेटे जैद, सुहैल, सिब्बू और एक अन्य अजीम नामजद हुए हैं। ये सभी सरकड़ा गांव के रहने वाले हैं। मातीपुर उर्फ मैनी के रेहान अली ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार दोपहर को वह स्कूल से लौट रहे थे। रास्ते में मिले आरोपी उनसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपी उन्हें लाठी-डंडों से पीटने लगे। उनके शोर मचाने पर कुछ लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। इसके बाद चारों आरोपी जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गए। रेहान अली ने बताया कि डंडा लगने से उनके सिर में चोट आ गई है। उधर, मामले में एफआईआर होने पर पुलिस ने रेहान अली का मेडिकल परीक्षण कराया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### डीएम ने थाना समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की मौजूदगी में थाना कोतवाली, कटघर और मूंढापांडे थाना में समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने थाने में सुलह समझौता के लिए भेजे गए पांच-पांच प्रकरणों को मौके पर सुनकर निस्तारित कर दिया। कहा कि भूमि विवादों में आदेश के बाद भी कब्जा न छोड़ने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, जितेंद्र सिंह वीरवाल, सीओ, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।


### ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने शनिवार को ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को वेयर हाउस के पीछे साइड में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने पर करे विचार: आचार्य प्रमोद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता और संभल स्थित कल्कि पीठ के प्रमुख आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को खतरे में बताया है, उनका यह बयान सोशल मीडिया में भी वायरल है। कृष्णम ने इस बात को अपने एक्स अकाउंट पर भी पोस्ट किया है। उन्होंने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ जाएंगे? इस प्रश्न पर कांग्रेस नेता का कहना है कि नीतीश कुमार अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं। इसके लिए उनके फैसले और वे स्वयं जिम्मेदार हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि जनता दल एकीकृत (जेडीयू) और उनके नेताओं का कर्म उनके इस आचरण और व्यवहार के असल कारण हैं। जो इंडिया गठबंधन विपक्ष के लिए नई उम्मीद थी, वो खतरे में दिख रहा है। कृष्णम अयोध्या में भगवान श्रीराम के विग्रह स्थापना और कांग्रेस प्रमुख के आमंत्रण स्वीकार नहीं करने के मामले को लेकर अपने बयान से भी चर्चा में रहे हैं। उधर, कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर चुके वरिष्ठ कांग्रेसी प्रियंका गांधी बाड्रा के राजनीतिक सलाहकारों में शुमार हैं। कृष्णम ने आम चुनाव को लेकर भी पार्टी से अपनी राय रखी है। सुझाव दिया है कि नीतीश कुमार के ताजा राजनैतिक स्टैंड के बाद कांग्रेस को पूरे देश में अकेले चुनाव लड़ने पर विचार करना चाहिए। क्योंकि, इतनी बड़ी लड़ाई बैसाखी के सहारे नहीं लड़ी जा सकती है।

## बिल वाउचर जमा न करने पर आरसी जारी होगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद की ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्य में गड़बड़ी कर धनराशि गबन करने का हर दिन खुलासा हो रहा है। ऐसे ही एक मामले में गबन की गई करोड़ों की धनराशि वसूलने के लिए 91 ग्राम पंचायतों को पंचायती राज विभाग की ओर से अंतिम नोटिस में दिया गया है। 10 फरवरी तक अभिलेख न देने पर आरसी जारी करने की चेतावनी दी है।

वर्ष 2017-18 में जिले के आठों ब्लॉक की 91 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए गए थे। विकास कार्यों का 2019 में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने ऑडिट किया था। जिसमें प्रधान और सचिवों द्वारा दिए गए अभिलेख और बिल वाउचर में ऑडिट के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया था। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने तत्कालीन 91 प्रधान और सचिवों को 10 फरवरी तक अभिलेख जमा करने के लिए नोटिस दिया है। जिसमें बताया गया है कि बिल वाउचर जमा न करने पर हड़पी गई धनराशि की वसूली को आरी जारी की जाएगी।

### एंबिएंट 2024 में हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के पदाधिकारी शामिल

# जर्मनी में ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** फ्रैंकफर्ट में शुक्रवार को एंबिएंट 2024 का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन 30 जनवरी तक चलेगा। एंबिएंट फेयर में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन फ्रैंकफर्ट जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बीएस मुबारक ने किया।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन दिलीप बैद, ईपीसीएच के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा, ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्य प्रिंस मलिक, राजेश के जैन, राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच और महाप्रबंधक विंस्टन परेरा आदि की उपस्थिति में भव्य उद्घाटन हुआ। फ्रैंकफर्ट जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बीएस मुबारक ने अधिकारियों के साथ ईपीसीएच मंडप को देखा। प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।



फ्रैंकफर्ट में एम्बिएंट फेयर में ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन करते जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल बीएस मुबारक, साथ में अन्य लोग।

ईपीसीएच के अध्यक्ष ने बताया कि एंबिएंट जर्मनी में आयोजित सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मेलों में से एक है। इसमें बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय खरीदार अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आते हैं और मेले में भारतीय निर्यातकों की भागीदारी से विदेशी बाजारों में देश के निर्यात बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि एंबिएंट में प्रतिभागी लिविंग, डाइनिंग, गिविंग सेक्शन में उत्तम उपहार, सजावटी सामान, क्रिसमस सजावट, फैशन आभूषण, लकड़ी के हस्तशिल्प आइटम, कपड़ा साज-सज्जा, चमड़े के उत्पाद, लैंप और प्रकाश व्यवस्था आदि का आकर्षण है। पूर्व अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा ने बताया कि भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी। वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय गृह सज्जा, उपहार और उपभोक्ता उत्पाद उद्योग में मजबूत उद्यमिता से परिचित कराएगी, जिससे भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि इस वर्ष एंबिएंट में भाग लेने वाले सबसे बड़े देशों में से भारत एक है। तीन मेले एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं यानी एंबिएंट, क्रिसमस वर्ल्ड और क्रिएटिव वर्ल्ड। उन्होंने कहा कि मैसी फ्रैंकफर्ट के इन अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भारत की लगभग 600 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

# शीतलहर से ठिठुरे लोग, धूप से मिली राहत

### न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस, धूप निकलने के बाद भी गलन बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार की सुबह शीतलहर से लोग ठिठुर गए। कोहरे से दृश्यता कम होने से वाहन चालक हेडलाइट जलाकर रास्ते पर चले। दोपहर में धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली लेकिन शीतलहर से गलन बरकरार रही। 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को कंपा दिया।

शनिवार की सुबह हल्का कोहरा रहा। शीतलहर के चलते गलन बढ़ी। लोग ठिठुरते रहे। दोपहर में निकली धूप से राहत मिली। लेकिन गलन बरकरार रहने से लोग धूप सेंकने के लिए घर की छत पर व बाहर निकले। शाम ढलते ही एक बार फिर गलन ने लोगों को ठिठुरा दिया। घरों में हीटर, ब्लोअर का सहारा लोगों ने ठंड से राहत पाने के लिए लिया। कई जगह लोग अलाव सेंकने में जुटे रहे। अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहा। जबकि आर्द्रता 72 प्रतिशत होने और 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हवा से लोग बेहाल रहे। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि अभी शीतलहर जारी रहेगा। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बरकरार है।


बुधबाजार में ठंड में कुछ यूं निकली युवतियां। ● अमृत विचार

## दून एक्सप्रेस 10 घंटे देरी से पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**यात्रियों को करनी पड़ रही है लोकल ट्रेनों की प्रतीक्षा**

**अमृत विचार:** कम दूरी की सवारी गाड़ियों की प्रतीक्षा करने वाले यात्री रेल प्रबंधन से परेशान हैं। जबकि लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम जारी है। कोहरे से घिरे प्लेटफार्म पर लोकल ट्रेनों की प्रतीक्षा करने वालों ने सुबह के नौ बजे स्टेशन मास्टर से शिकायत दर्ज कराई।

दैनिक यात्री सरफराज, सुधीर पाठक और दिव्या रानी ने कहा कि रेलवे के भरोसे कहीं समय से आना जाना संभव नहीं हो पा रहा है। शनिवार को मंडल मुख्यालय से सहारनपुर तक जाने वाली मेमू 57 मिनट देर से चलाई जा सकी। उधर, गजरौला स्पेशल 50 मिनट, नजीबाबाद स्पेशल 43 मिनट विलंब से रवाना हो सकी। जबकि बरेली से दिल्ली के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के यात्रियों को 2 घंटे 22 मिनट इंतजार करना पड़ा। अमृतसर क्लोन 1 घंटे 40 मिनट, राप्तीगंगा 1 घंटे 5 मिनट, गरीब रथ एक घंटा 55 मिनट, उपासना एक्सप्रेस 1 घंटा 31 मिनट, राजधानी एक घंटा 41 मिनट की देरी से पहुंची।

दून एक्सप्रेस 10 घंटा 11 मिनट, सद्भावना 9 घंटा 43 मिनट, सरयू यमुना 5 घंटा 15 मिनट गरीबनवाज 3 घंटा 22 मिनट, लिंक एक्सप्रेस 7 घंटा 38 मिनट, अप साइड की अवध-असम 3 घंटा 50 मिनट, जनसाधारण एक्सप्रेस 10 घंटा 4 मिनट विलंबित रही।

सीआईटी विजयंत शर्मा ने बताया कि कोहरे की वजह से लंबी दूरी की ट्रेनों की गति प्रभावित हो रहीं हैं। दिन में इस तरह की शिकायत कम है।

# बाबूराम को पद्मश्री की घोषणा पर खुशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**भाजपा नेताओं ने उनके घर पहुंचकर किया सम्मान, उपायुक्त उद्योग ने भी दी बधाई**

**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गृह सचिव ने दी थी चयन की जानकारी**

**अमृत विचार:** पद्मश्री मिलने की घोषणा के बाद दस्तकार बाबूराम यादव से मिलने और उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो चुका है। परिवार के सदस्यों के अनुसार मार्च में यादव को सम्मान दिया जाएगा। 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इसकी जानकारी केंद्र सरकार की ओर मिली। केंद्रीय गृह सचिव ने दूरभाष पर बाबूराम को इस बात की जानकारी दी और रात के आठ बजे सम्मान पाने वालों की सूची जारी कर दी गयी।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के सदस्यों ने बाबूराम यादव को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। शाम को उपायुक्त उद्योग योगेश कुमार, सहित विभिन्न संगठन के लोगों ने बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक व भाजपा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने कहा कि बाबूराम यादव को पद्मश्री अवार्ड मिलने की घोषणा के बाद पीतलनगरी की पहचान अब बाबूराम के नाम से भी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कार्य कर रही है।


बाबूराम यादव के घर पहुंचे सामाजिक संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### 1962 में प्रशिक्षु की तरह दस्तकारी में कदम रखा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बाबूराम को वर्ष 2014 में शिल्प गुरु सम्मान मिला था जबकि, इन्हें हस्तशिल्प के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अवार्ड भी मिले हैं। महानगर में दस्तकारी के लिए यह दूसरे व्यक्ति का सम्मान है। इसी क्षेत्र में बेहतर करने के लिए सरकार की ओर से दिलशाद हुसैन को यह अवार्ड बीते साल दिया गया था। अब बाबूराम को पद्मश्री देने की घोषणा हुई है। बातचीत में बाबूराम ने बताया कि ब्रास प्लेट और फूलदान पर बारीक नक्काशी (एंग्रेविंग) उनकी विशेषता है। बगलागांव निवासी बाबूराम यादव कहते हैं कि महज 13 साल की उम्र में पीतलनगरी के धातु उत्पादों पर दस्तकारी की शुरुआत की थी। 1962 से दस्तकारी के सामान्य प्रशिक्षु की तरह काम की शुरुआत की और उम्र के साथ यह कला निखरती गई। कुछ वर्षों में मेरे तैयार उत्पाद निर्यात मेलों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने लगे। उन्होंने बताया कि पीतलनगरी के निर्यातकों के बीच उनके उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ने लगी। कहा कि 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों शिल्प गुरु सम्मान मिला था।

महामंत्री नाथूराम कश्यप, क्षेत्रीय पार्षद शीतल कुमारी, पार्षद रुचि चौधरी, विनय राजौरिया, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, कार्यालय मंत्री सोनू शर्मा, महिमा शर्मा, मोनिका गौतम, पूजा, क्षमा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, विक्की कुमार नीरज कुमार, अर्चना अग्रवाल, सीमा सक्सेना, सोमपाल सिंह प्रजापति, हरिंदर शर्मा, सुमित चौहान, हरेन्द्र शर्मा, विनोद पुष्पक आदि शामिल रहे।






## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन व्यक्ति घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बगिया सागर निवासी सोनू, जोगिंदर और सतवीर सिंह पेड़ काटने का काम करते हैं। जो शुक्रवार को काम से घर वापस आ रहे थे। ग्राम फैजाबाद के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सोनू के सर में अधिक चोट आने के कारण मुरादाबाद इलाज के लिए भेजा और दो व्यक्तियों को उनके परिजन अमरोहा उपचार के लिए ले गए। एक घायल सतवीर सिंह के पिता चंद्रपाल ने बताया कि तीनों व्यक्ति पेड़ों का कटान कराकर लौट रहे थे। जिनके गंभीर चोटे आई हैं। थानाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा ने बताया कि जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

### कांग्रेस कैंप कार्यालय पर फहराया तिरंगा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर काजीपुरा स्थित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खां ने कैम्प कार्यालय पर कुंदरकी क्षेत्र प्रभारी व पूर्व प्रत्याशी दरख्शां बेगम के साथ तिरंगा फहराकर लोगों को मिठाई बांटी। जिसके बाद यूपी जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस कार्यालय से काजीपुरा होते हुए गुड़हल चौराहा पर पहुंची और वहां से कर्बला पर होते हुए ब्लॉक कार्यालय पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। चौधरी अहसान खान ने कहा कि देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। लेकिन लोगों को उनके अधिकार गणतंत्र दिवस पर मिले। दरख्शां बेगम के नेतृत्व में यात्रा में महिलाओं के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी लोगों के हितों में लड़ाई लड़ रही है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी चौधरी दाऊद खान, नगर अध्यक्ष शौकत, फय्याज फौजी, इरफान खान, शाबेज खान, शाकिर कुरैशी, डॉ. गुफरान खान आदि मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ एक पकड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस के उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने हेड कांस्टेबल अरुण राणा एवं सुमित राठी के साथ नई तहसील के सामने कच्चे मार्ग पर रेलवे लाइन के पुल के नीचे से एक व्यक्ति को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने अपना नाम लवकुश पुत्र प्यारेलाल निवासी रसूलपुर थाना मझोला बताया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।


देवकीनंदन कॉलेज में छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक। ● अमृत विचार



स्वेटर बांटतीं एसडीएम मणी अरोड़ा एवं अन्य। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में स्काउट गाइड को पुरस्कृत करते कार्यवाहक प्रधानाचार्य।

# शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस की रही धूम

## हर्षोउल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस, बच्चों ने रैली निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/डिलारी

**अमृत विचार :** देवकी नन्दन शर्मा इण्टर कॉलिज बहेड़ी ब्रह्मनान में गणतंत्र दिवस मनाया। प्रबन्धक पं. राधेश्याम शर्मा, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य दाऊद अली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डिलारी राजेश अग्रवाल एवं सभापति सहकारी समिति डिलारी चन्द्रप्रकाश उर्फ नीटू चौहान रहे। खुशी, अफसा ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नीशू, नंदनी, रीनू, शहनाज, अनु, अवनी, सोनाक्षी, दीक्षा, कोमल, आंचल, फैजान ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्राम प्रधान राजपुर केसरिया ॠतुराज, पंकज भारद्वाज, पूर्व ग्राम प्रधान अनवार हुसैन, पंकज चौहान, बीडीओ जकी अनवर, वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना भोजपुर संजय सिंह, गौरव कुमार, नजाकत अली, फकीर हुसैन, राजेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार, सीताराम कश्यप, मंजूर प्रधान, रिजवान प्रधान, मुसर्रत अंसारी, मुशाहिद सैफी, डॉ. जाकीर हुसैन, अदिति रुहेला, डोली, शकुन्तला, कमलेश, ओमपाल सिंह, भोलू सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य दाऊद अली द्वारा किया।

**किसान इंटर कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस :** डिलारी क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज जहांगीरपुर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव मोहन सिंह ने झंडा फहराया तथा संविधान के अहम बिंदुओं को समझाया। प्रवक्ता साकेत कुमार ने संविधान की जानकारी दी। प्रवक्ता बनारसी लाल ने राम मंदिर से जुड़े तथ्य प्रस्तुत किया तथा संजय श्रीवास्तव ने विचार रखे। इस अवसर पर राजकुमार, मनोज चौहान, विजय राम, नेहा अग्रवाल, बबीता रानी रहे।

**धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया :** शुक्रवार को क्षेत्र के शैक्षिक संस्थाओं श्री साईं पब्लिक स्कूल गोविंदपुर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोविंदपुर, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डिलारी, सकलैनी इंटर कॉलेज ढकिया, प्राथमिक विद्यालय प्रथम ढकिया, प्राथमिक विद्यालय इग्रह, ब्लॉक डिलारी दफ्तर, थाना डिलारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी, सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी आदि में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। सभी शैक्षिक संस्थानों में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कुलदीप कुमार, नदीम अहमद सिद्दीकी, प्रमोद कुमार, जुल्फिकार अहमद, अखिलेश कुमार सक्सेना, डॉ विशाल मोहन गुप्ता, नरेंद्र पाल सिंह आचार्य आदि रहे।



मदरसा रजा ए मुस्तफा में तिरंगा लहराते मदरसे के बच्चे। ● अमृत विचार


एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### जवाहर नवोदय विद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के सदनों अरावली, नीलगिरि, शिवालिक और उदयगिरि व स्काउट गाइड के बच्चों ने मार्च पास्ट करके ध्वज को सलामी दी। सांस्कृतिक की श्रंखला में गुजरात से आये बालकों और बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन संजीव यादव ने किया। मंच संचालन कुमारी दिव्या कक्षा 11वीं व सुंधाशु 11वीं व धनंजय ने किया। कार्यक्रम में उमाकांत रस्तोगी ने धन्यवाद दिया।

### गणतंत्र दिवस पर बच्चों को बांटे स्वेटर

**बिलारी, अमृत विचार :** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में गणतंत्र दिवस पर बच्चों को स्वेटर बांटे। शुक्रवार को मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मणी अरोड़ा का कुमारी दिव्यांशी सैनी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण क्वात्रा, अजय कुमार तिवारी, विपिन क्वात्रा, गीता क्वात्रा, सीमा, भोला, हिमांशी श्रेयांश, रवनूर क्वात्रा एवं दानवीर प्रजापति, प्रदीप कुमार मिश्रा, ठाकुर पान सिंह ने कक्षा शिशु से पंचम तक के विद्यार्थियों एवं अन्य को स्वेटन दिए। पूर्व प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने अतिथियों को पटका भेंट किया। कार्यक्रम के बाद एसडीएम ने गोशाला हाजीपुर में गुड़ खिलाकर गायों की सेवा की।

### मदरसों में भी लहराया तिरंगा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मदरसों में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। मदरसों के बच्चों ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति नारों के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। देहात व नगर क्षेत्र के मदरसा तजम्मूल हनीफ अकादमी गजीपुर, मदरसा अजीम अरेबिक अकैडमी हाथीपुर चित्तू, मदरसा दारुल उलूम गोसुल वरा, मदरसा कासिम उल उलूम निस्वां, मदरसा बसीर उल उलूम, मदरसा रजा ए मुस्तफा, मदरसा जिया ए तैयबा कुंदरकी, मदरसा दारुल उलूम गौसुल वारा निस्वा, मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज आदि मदरसों में प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों ने ध्वजारोहण किया।

## सार-संक्षेप



ट्रैक्टर रैली निकालते किसान। ● अमृत विचार

### गणतंत्र दिवस पर किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, भारतीय किसान यूनियन और किसान सभा के पदाधिकारियों के साथ किसानों ने टैक्टर रैली निकाली। इसके बाद किसानों की समस्याओं से संबंधित नौ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गनेश से ट्रैक्टर मार्च निकाला। टैक्टरों पर सवार किसान नारेबाजी करते तिकोनिया चेक पोस्ट से बाबू रामपाल द्वार पहुंचे। जहां उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा के आने पर राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाकियू के घनेन्द्र शर्मा, राजेंद्र चौधरी, अयूब चौधरी, धर्मपाल सिंह, प्रीतम सिंह, रूप सिंह, हरिराज सिंह आदि रहे।


सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### कोतवाल समेत छह पुलिसकर्मी सम्मानित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा में पशुपति एक्रिलोन कंपनी में 25 दिसंबर को मजदूर रामपाल सिंह के चार माह के पुत्र दीपू को कंपनी में कार्यरत मजदूर की पत्नी अफसाना ने अपहरण कर लिया था। पुलिस ने मामले में अफसाना एवं उसके पति को गिरफ्तार कर दीपू को बरामद कर लिया था। इस कार्य के लिए एसएसपी हेमराज मीना ने प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह, उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, कांस्टेबल मनीष कुमार को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया। वहीं पुलिस महानिरीक्षक बरेली ने ठाकुरद्वारा कोतवाली में तैनात निरीक्षक अपराध नरेश कुमार, उपनिरीक्षक सैयद आसिम मियां को गृह मंत्रालय से प्राप्त अति उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया। कांस्टेबल गुलशन कुमार को पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए रजत पदक देकर सम्मानित किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान, अनुराग सिंघल, मुख्तार सैफी, कमलेश कुमार, पंकज गुप्ता, मुकेश वर्मा, किफायतुल्ला खां उर्फ फत्तू खां, राकेश दानव, पंकज गुप्ता, पवन पुष्पद ने बधाई दी है।


भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कांग्रेस ने गणतंत्र दिवस पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। ब्लाक अध्यक्ष वसीम अहमद के नेतृत्व में न्याय यात्रा अब्दुल्लापुर से प्रारंभ होकर रूपपुर टंडोला, ठाकुरद्वारा, रतूपुरा होकर वापस कैंप कार्यालय पर समाप्त हुई। ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि राहुल गांधी वंचितों और किसानों के लिए न्याय दिलाने को 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याया यात्रा प्रारंभ की है। न्याय यात्रा में यूथ जिलाध्यक्ष दानिश सैफी, जिला महामंत्री फिरोज अनवर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ठाकुर, डॉ. आरिफ आदि शामिल थे।

### थाना प्रभारी एवं मुकेश माहेश्वरी सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर मुरादाबाद पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में कांठ के भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी को सामाजिक कार्यों और शांति व्यवस्था में पुलिस को सहयोग करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। वहीं, मंत्री जितिन प्रसाद ने कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह को अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। इस दौरान एसएसआई सुभाष धनखड़, कांस्टेबल आकाश को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर डीएसएम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य कुंवर सुरेंद्र सिंह को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।


मुकेश माहेश्वरी को सम्मानित करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।

### बीएचपी कॉलेज में बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

**बिलारी, अमृत विचार :** शाहाबाद रोड स्थित बीएचपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें कॉलेज के अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन व प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्कूल अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन, प्रबंधक मोहम्मद जैद पाशा, मोहम्मद जीशान पाशा, रिजवान पाशा, डॉ. मोहम्मद उमरप पाशा, मोहम्मद रिजवान पाशा, प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, बिट्टू सिंह, इंद्रजीत सिंह, आमिर हुसैन, मुकुल सक्सेना, आदेश मौर्य रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला घायल

**कांठ, अमृत विचार :** बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम हिरनपुरा निवासी राजू देवी पत्नी रामवीर सिंह घर से लकड़ी लाने गई थी। वह जंगल में ग्राम पेली विश्नोई हिरनपुरा के बीच रेलवे ट्रैक के पास अचानक ट्रेन की चपेट में आने से पत्थरों पर गिरकर घायल हो गई। रेलवे कर्मचारियों ने घटना की सूचना उसके स्वजनों, थाना कांठ पुलिस को तथा पीआरबी पुलिस एवं एंबुलेंस को दी। सूचना पर घायल महिला के स्वजन मौके पर आ गए और उसे उपचार के लिए सीएचसी कांठ में भर्ती कराया। कांठ के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला स्योहारा थाना क्षेत्र का है। महिला को उपचार के लिए मुरादाबाद भिजवाया है।

# ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और मतदाता अभियान के अंतर्गत शपथ ली गई। गणतंत्र दिवस का संदेश वरिष्ठ लिपिक संजय सक्सेना ने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में पालिका के सभी सभासद एवं वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार सक्सेना, शाहिद हुसैन, अरविंद प्रताप सिंह, मोहम्मद शमी, छत्रपाल सिंह, मोहम्मद सरफराज, आशु चौहान, दीपक शर्मा, रजनीश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार सक्सेना ने किया।


ध्वजारोहण करते पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, विधायक मोहम्मद फहीम।

**देश के अमर बलिदानियों को किया नमन :** वाईआईएस एजुकेशन संस्थान पर 75वां गणतंत्र दिवस मनाया।

संस्थान के निदेशक पवन कोहली ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम में छात्रों ने विचार व्यक्त किए तथा कविता, देशभक्ति गीतों आदि से माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक पवन कोहली, हिमांशु चौधरी, नेहा प्रजापति, कपिल कुमार, प्रियांशु, अंशिका, आकांक्षा, शिवांगी, सुषमा, खुशनवी, हर्षिता, नीलम, हिमांशु, अमन अंसारी आदि मौजूद रहे।

### इमामुद्दीन तुर्की कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस

**कुंदरकी, अमृत विचार :** इमामुद्दीन तुर्की डिग्री कॉलेज में हाजी शरीफुद्दीन पाशा, किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, आसिफ इकबाल पाशा और किसान पब्लिक प्राइमरी स्कूल में अफरोज पाशा ने ध्वजारोहण किया। 23वीं एनसीसी बटालियन किसान पब्लिक इंटर कॉलेज की यूनिट के कैडेट्स ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। सपा विधायक फहीम इरफान ने समस्त एनसीसी कैडेट्स की प्रशंसा की। इस अवसर पर हाजी जुल्फैकर, अख़्तर रजा, नजीर अहमद, नदीम अहमद व शोभित कुमार आदि रहे। समारोह में प्रधानाचार्य अमर सिंह, रियासतउल्लाह, अम्बर रजा रिजवी, इंतेखाब आलम, सरफराज अली, कमर अली, जमशेद अली, जगदीश कुमार, अरविंद कुमार, नदीम अहमद, आमिर खान, तनवीर अली आदि रहे।

# गणतंत्र दिवस पर आजादी की रैली में शामिल हुए लोग

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस की शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धूम रही। नगर में आजादी की रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, नगर के गूलर चौराहा स्थित एमआईटीएम पब्लिक स्कूल में प्रबंधक मोहम्मद आसिफ हुसैन ने झंडा फहराया। नगर स्थित अलवरु अकादमी में प्रबंधक तस्लीम अहमद ने ध्वजारोहण किया। चक फाजलपुर रोड स्थित एवरग्रीन इंटर कॉलेज में मैनेजर मेहंदी हसन और प्रवक्ता नजीबुल हसन ने तिरंगा फहराया।

एएचएम चिल्ड्रन अकादमी ढकिया जुम्मा में मुख्य अतिथि अब्दुल्ला पठान प्रबंधक एवं ग्राम प्रधान अब्दुल मलिक और प्रधानाचार्य जुबेर आलम ने ध्वजारोहण किया। एसएच जूनियर हाई स्कूल अहमदनगर जैतवारा में प्रबंधक रिजवान हुसैन और प्रधानाचार्य नफीस आलम ने ध्वजारोहण किया। इंडियन पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में अध्यक्ष हसमत अली प्रबंधक मोहम्मद इकराम और प्रधानाचार्य तैयब अली ने झंडा फहराया। ब्लॉक कुंदरकी कार्यालय में बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। सीएचसी पर डॉ. राजेश उपाध्याय ने तिरंगा फहराया। बीआरसी केंद्र पर बीईओ त्रिलोक नाथ ने ध्वजारोहण किया। थाना कुंदरकी में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने झंडा फहराया। कोतवाली मैनाठेर में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।

### विहिप, बजरंग दल ने गोकशी मामले में कार्रवाई की मांग की

**कांठ, अमृत विचार :** कुछ दिन पहले हुई गोकशी के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर बजरंग दल ने प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित किए ज्ञापन में कहा कि 16 जनवरी को ग्राम छज्जूपुरा दोयम थाना छजलैट में गोकशी हुई थी। जिस पर थाना छजलैट की पुलिस ने कार्रवाई नहीं कर गोवंश के अवशेषों को मिट्टी में दबवा दिया था। बताया कि इस मामले में 16 जनवरी से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में गोकशी के आरोपियों पर कार्रवाई करने, थाना अध्यक्ष व हलका इंचार्ज पर कार्रवाई करने तथा अवशेषों को मिट्टी में दबाने वाले भू माफिया पर कार्रवाई की मांग की गई।

# गणतंत्र दिवस पर सरकारी और निजी संस्थानों में फहराया तिरंगा

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

ऊमरी कलां में नगर पंचायत चेयरमैन हाजी उस्मान अली एवं ईओ श्वेतांक सारस्वत ने तिरंगा फहराया। हाजी उस्मान अली ने देश की एकता अखंडता कायम रखने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर शकील खां, मोहम्मद मलिक हाफिज शरबत, मुस्तफिज हसन, शमीम अंसारी, जियाउल हसन रहे। प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में ग्राम प्रधान युसूफ खान, एसएमसी अध्यक्ष महफूज खान ने ध्वजारोहण किया। प्रधान अध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने गणतंत्र दिवस के बारे में बताया। इस मौके पर सूर्य लता, अनीता, संतोष देवी, दिलशाद खान, महफूज, जैनुल हसन, ॠषिपाल सिंह रहे। महर्षि दयानंद बाल विद्या मंदिर सदरपुर में गणतंत्र दिवस पर आर्य समाज के अध्यक्ष राजवर्धन ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर मनीष कुमार, हरज्ञान सिंह, राहुल, सौरभ रहे।


नगर पंचायत ऊमरी कलां में ध्वजारोहण करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य।

पंडित रामचरण हाई स्कूल भैंसला रुस्तमपुर में मुख्य अतिथि पूर्व जिला सदस्य हेमंत चौधरी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर केशव शर्मा, वीर सिंह मौजूद रहे।

हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढी में विद्यालय के प्रबंधक दीपेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने छात्रों को देश के संविधान के नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य रणजीत कौर ने देश के शहीदों के लिए बलिदान का महत्व बताया और उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। डायट में प्रभारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह रावत ने शासन का संदेश पढ़कर सुनाया। इस मौके पर प्रवक्ता आशुतोष त्यागी, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुनील कुमार, शीतल कुमार, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. नेहा इकबाल, भारत विकास परिषद के सुदेश विश्नोई आदि मौजूद रहे।

डीएसएम इंटर कॉलेज में समिति के सदस्य देवराज सिंह ने ध्वजारोहण किया। राज्य मंत्री माध्यमिक का संदेश आरके राठौर ने पढ़कर सुनाया। प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी ने छात्रों को संविधान के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन धन सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रदीप कुमार, वीर सिंह, मदन गोपाल, बबलू, कुलदीप कुमार, मसूद हुसैन आदि मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में कृष्ण गोपाल सहगल ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुज कुमार चौधरी ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर आरएसएस के नगर व्यवस्था प्रमुख काठौर, नितिन गुर्जर, आचार्य अनिल कुमार, दीपा शर्मा, तिलक राम, आनंद प्रकाश, सचिन उर्फ बंटी चौहान आदि रहे। थाना कांठ में थाना प्रभारी निरीक्षक की योगेंद्र कुमार, थाना छजलैट में थाना अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, तहसील कांठ में एसडीएम सचिन राजपूत ने ध्वजारोहण किया। कांग्रेस कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर रामस्वरूप जाटव, दिनेश दीवान, शरीफ आजाद, सौवीर यादव, विजय भटनागर रहे। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज मौढ़ी पट्टी में सेवानिवृत्ति राजस्व निरीक्षक उमेश चंद्र सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय कुमार विश्नोई, बलराम सिंह, पुरुषोत्तम शरण, रघुराज सिंह, दिनेश चंद्र आर्य रहे। विकास खंड छजलैट में सुनील कुमार धनवंता खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम हुए। खंड विकास अधिकारी ने मतदाता शपथ दिलाई गई तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों/अधिकारियों/प्रधानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राजपाल चौधरी ने की। कार्यक्रम में गिरीश पंत जेबीडीओ, समस्त कार्यालय कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राहुल त्यागी
प्रोपराइटर
जगत फिलिंग स्टेशन
चांदपुर रोड, मंडी धनौरा


दैनिक अमृत विचार परिवार की ओर से आप सभी देशवासियों एंव जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
मोहित शर्मा
जिला प्रभारी, दैनिक अमृत विचार, बिजनौर
मो0 - 9012967455

अब्दुल कलाम
सह प्रभारी, दैनिक अमृत विचार, बिजनौर
मो0 - 8077186260

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं

सिद्धान्त जैन
मण्डल अध्यक्ष
भाजपा नहटौर बिजनौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
मनीष कुमार वैद्य
जेई
नगर पालिका परिषद, नहटौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
डॉ0 असित मजुमदार
बंगाली क्लीनिक
मौहल्ला नौधा धामपुर रोड नहटौर बिजनौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं

मौ0 ज़ाहिद
सभासद पति मरगूबा
वार्ड नं0-7 नहटौर बिजनौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
सर्वेश देवी
पत्नी स्व0 रघुनन्दन सिंह
राशन डीलर ग्राम कुंजेटा, बढ़ापुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
हलदौर डिग्री कॉलेज
हलदौर जनपद बिजनौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
मोती सिंह
राशन डीलर
ग्राम मकदमपुर राजभर, बढ़ापुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
अमर सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम मकदमपुर राजभर, बढ़ापुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
जाहिद अहमद
ग्राम प्रधान
ग्राम प्रधान गोपीवाला, बढ़ापुर




समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं

शेर सिंह
जिला अध्यक्ष
सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद संगठन, बिजनौर
ग्राम रूखड़ियो, ऑकू, नहटौर (बिजनौर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

अतीक अंसारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मटोरामान, ऑकू, नहटौर (बिजनौर)




VK INTERNATIONAL SCHOOL
An English medium C.B.S.E Affiliated Senior Secondary School
V.K. INTERNATIONAL
SR.SEC. SCHOOL
Noorpur Road, Nehtaur, Bijnor - 246733 (U.P)
समस्त नगर, क्षेत्रवासियों व अभिभावकों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर कुमार अग्रवाल - चेयरमैन
शिल्पी अग्रवाल - एम.डी
राकेश चमोली - प्रशासक
आशा त्यागी - प्रधानाचार्य

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं

जैन कैमिकल्स
अभिषेक जैन
नहटौर रोड धामपुर बिजनौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं

शमशीदा खातून
पुत्र
इशरत अली
ग्राम प्रधान बसेड़ा खुर्द, नहटौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
मौ0 अज़हर
ग्राम प्रधान
ग्राम महमूदपुर कामिल, नहटौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
किलकारी हैल्थ केयर सेन्टर
पैथोलॉजी, मॉनीटर, ऑक्सीजन एंव नेबुलाइज़र की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ0 संजीव कुमार (एम0डी0) OT (Technician)
झालू रोड स्थित रूखड़ियो नहटौर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की हार्दिक शुभकामनाऐं
HALDAUR GROUP OF COLLEGES
Approved by. BTE & PCI New Delhi Affiliated to BTE, MJPRU
B.A., B.Sc., M.A., M.Sc., M.L.C., B.A. L.L.B.
फ्री, वाईफाई, कम्प्यूटर डिप्लोमा, इंग्लिश स्पीकिंग, कोचिंग क्लासेज

बालकिशनपुर चौराहा, हल्दौर रोड, हल्दौर जनपद-बिजनौर



सभी जनपद वासियों को
राष्ट्रीय पर्व
# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें



**डा. विरास यादव**
चिकित्सा अधीक्षक
सी.एस.सी., बहजोई



**डा0 तरन्नुम रज़ा**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

निवेदक : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहजोई (संभल)

---

# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें



**मनीष बंसल**
जिलाधिकारी सम्भल



**विजेयता सिंह**
डिप्टी आरएमओ, सम्भल

---



**मनीष बंसल**
जिलाधिकारी सम्भल



**ज्ञान सिंह**
प्रभारी सीडीओ संभल




**उपेन्द्र पांडेय**
डीपीआरओ

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें

निवेदक : जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, संभल

---

सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों को



**संजीव यादव**
ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि

# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें



**डिम्पल यादव**
ब्लाक प्रमुख बहजोई

निवेदक : खण्ड विकास कार्यालय, बहजोई (संभल)

---

दि बहजोई एजुकेशन डवलपमेन्ट ट्रस्ट द्वारा संचालित

# बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय

रेलवे स्टेशन रोड, बहजोई (संभल) उ.प्र., 244410

प्रबन्ध समिति की ओर से **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं




**लव कुमार 'सर्राफ'**
अध्यक्ष




**विपिन कुमार गुप्ता**
उपाध्यक्ष



**अजय कुमार आयरन**
प्रबन्धक/सचिव




**अजय कुमार तम्बाकू**
उपप्रबन्धक/उपसचिव



**प्रमोद कुमार रोरा**
कोषाध्यक्ष




**डा. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता**
प्राचार्य




**श्री प्रकाश विट्टन**
सदस्य



**सूर्य प्रकाश राजू टैंट**
सदस्य



**मनीष कुमार मझौला वाले**
सदस्य



**कन्हैया लाल आढ़ती**
सदस्य



**शोभित कुमार काका**
सदस्य



**यश कठैरिया**
सदस्य

## बी.ए.
हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत
समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र
राजनीति विज्ञान, भूगोल
गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र

## बी.कॉम.
ग्रुप-ए.बी.सी.

## एम.ए.
गृहविज्ञान, समाजशास्त्र
अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान

नोट- नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विषय अनुमान्य

बी.ए./बी.कॉम. में मात्र रू. 2500/- प्रति सेमेस्टर

एम.ए. में मात्र रू. 3500/- प्रति सेमेस्टर

सम्पर्क सूत्र- 9058784309, 9084784309
9897966694, 8881116665

## एक नजर


तिरंगा फहराते ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस

**रहरा, अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर गंगेश्वरी में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने ध्वजारोहर किया। रहरा ग्राम प्रधान नन्हे सिंह, (लेखाकार) सत्य प्रकाश, सचिन कुमार, कृपाल सिंह, ममता रानी, संदीप, नैना आदि मौजूद रहे। पौरारा के एम इदरीस सैफी जूनियर हाई स्कूल में भी मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने ही ध्वजारोहण किया। यहां प्रधानाचार्य इदरीश सैफी, प्रबंधक अब्दुल हमीद, मुजम्मिल अली, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम रहई में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी ब्लॉक प्रमुख ने ही ध्वजारोहण किया। यहां प्रधानाचार्य अलका चौहान, आभा त्यागी, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बैंक में फहराया तिरंगा

**अमृत विचार, कैसरा :** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक कैसरा में शाखा प्रबंधक दीपक सिंह एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। भूपेन्द्र सिंह, मदन सिंह, रणबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### अंशिका ने पास की यूडीए नेट की परीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर के मुहल्ला कटरा गुलाम की रहने वाली छात्रा अंशिका अग्रवाल ने फूड टैक्नोलोजी में यूडीए नेट की परीक्षा पास की है। अंशिका ने बताया कि उन्होंने यह परीक्षा प्रथम प्रयास में ही पास कर ली। उनकी इस सफलता पर परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है।


गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट में सम्मानित बच्चों के साथ डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


बच्चों को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

## चारों ओर रही देशभक्ति के गीतों की गूंज, निजी व सरकारी संस्थानों में शान से फहराया तिरंगा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया। चारों ओर देश भक्ति के गीतों की गूंज सुनाई दी। सरकारी व निजी संस्थानों, स्कूलों, कार्यालयों में शान से तिरंगा फहराया गया। कलेक्ट्रेट व स्कूलों समेत विभिन्न जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत को आजाद कराने में हमारे देश के वीर जवानों की अहम भूमिका रही है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने एसपी ऑफिस में ध्वजारोहण किया। जिले के सभी थानों में भी थाना प्रभारियों ने झंडा फहराया। इस दौरान पिछले एक वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाते लोग। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में शामिल अतिथि। ● अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालयों में मनाया गणतंत्र दिवस

**रहरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जयतौली के प्राथमिक विद्यालय शकरगढ़ी में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।शिक्षामित्र फिरोज खान ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान लागू किया गया था। इसलिए हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। रिजा, मंतशा सामिया, गौसिया, फातिमा, रिजा परवीन, आलिया, साहिबा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य चमन लाल सिंह ने कार्यक्रम का समापन किया। इसके अलावा अन्य प्राथमिक विद्यालयों मेहरपुर गुर्जर में बुद्धाराम सिंह ने झंडा फहराया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार, सहायक अध्यापक राजेश कुमार, शिक्षामित्र बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### त्रिवेणी शुगर मिल में फहराया तिरंगा

**अमरोहा, अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ध्वजारोहण किया। इसके बाद बच्चों के साथ सभी ने राष्ट्रगान गाया ।अक्षरा, आयूषी, वंशिता, आकांक्षा, अदिति, चित्रांगना, शौर्य, धुव्र आदि ने देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। विपिन मिश्रा ने देश के गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। चीनी मिल में अतिथि हरपाल सिंह पूर्व प्रधान, जयपाल सिंह ने देश के वीर जवानों को याद किया। महाप्रबंधक आरएस सहरावत ने देशवासियों को बधाई दी। महाप्रबंधक उत्पादन टीसी राजौरिया ने देश के झण्डे के बारे में बताया कि हम इसे हर साल क्यों फहराते है। मिल के उपाध्यक्ष ने सभी विभागाध्यक्षों, देशवासियों, किसानों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

## भारत माता के जयकारे लगाते हुए निकाली गई प्रभात फेरी

संवाददाता, सैद नगली

**अमृत विचार :** 26 जनवरी को विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। इसमें छात्र हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। कार्यक्रम में संत मरियम कॉन्वेंट स्कूल में विद्यालय के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया किया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हसनपुर क्षेत्र के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता, प्रबंधक अशोक प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे मौजूद रहे। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कंपोजिट दो में ध्वजारोहण इंचार्ज अध्यापक निर्देश कुमार ने किया। इस अवसर पर अध्यापिक वर्तिका गुप्ता, सीमा रानी मौजूद रहे। गोवा वर्ल्ड स्कूल रामपुरा में संस्थापक आलोक गर्ग ने ध्वजारोहण किया। थाना भवन इंस्पेक्टर वरुण कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्रथमा बैंक में प्रबंधक मनीष कुमार ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत कार्यालय इकौंदा आंबेडकर पार्क, बकरिया जूनियर हाई स्कूल में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने ध्वजारोहण किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल ढक्का मोड पर पूर्व विधायक और विद्यालय के संस्थापक तोताराम ने ध्वजारोहण किया।

### गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**ढक्का, अमृत विचार :** चौधरी इकबाल मैमोरियल इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि चौधरी आकिब और उप प्रबन्धक शहरोज इकबाल ने ध्वजारोहण किया। आकिब चौधरी ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश भारत का कानून लागू हुआ था। अंत में कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। संचालन अम्मार हैदर रिजवी ने किया। इस मौके पर अब्दुल रऊफ, सिराजुद्दीन, मोहम्मद अफजल, इल्यास, समर जहां, फात्मा, शबीना, अंजुम, रूबी व जेबा शामिल रहे।

## बच्चों ने नगर में निकाला पथ संचलन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में ध्वजारोहण कर बच्चों ने मुख्य मार्गों पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन स्कूल से शुरू होकर आंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, मुख्य बाजार आदि से होता हुआ स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन में मीराबाई, रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, डॉ. हेडगेवार, सुभाष चंद्र बोस आदि से संबंधित वाहिनियों में बच्चे कदम ताल करते हुए चल रहे थे।

बच्चों के उद्घोष ने सभी का मन मोह लिया। पथ संचलन के अंत में मां शारदा एवं राम दरबार की झांकियां थीं। पथ संचलन का कई जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सुरक्षा के लिहाज से कस्बा इंचार्ज विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


पथ संचलन में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

### गणतंत्र दिवस पर निकाली तिरंगा रैली, पुष्प वर्षा से स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर रोबिन त्यागी ने हसनपुर से गांव पतेई खादर तक तिरंगा रैली निकाली। रैली का कई जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तिरंगा रैली नगर के नुमाइश ग्राउंड से शुरू होकर मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती हुई ग्राम पतेई खादर पहुंचकर संपन्न हुई। ग्राम रुस्तमपुर में शहीद अजीत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। रोबिन त्यागी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते दी। रैली में अरुण त्यागी, बबलु राणा, सनी भाटी, कमल सैनी, लवी भाटी, जोगिंदर सिंह, सौरभ कुमार, विकास भड़ाना आदि मौजूद रहे।

## वेंक्टेश्वरा में 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर मनाया गणतंत्र दिवस

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में 75वॉ गणतन्त्र दिवस धूमधाम से मनाया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के तिरंगा मैदान में चेयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने 101 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया।

समारोह की शुरूआत चेयरमैन ने भारत मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं 101 एक फिट ऊंचा तिरंगा फहराकर की। इसके बाद छात्राओं ने देशभक्ति के तरानों पर प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया। इस मौके पर प्रधान सलाहकार प्रोफेसर वीपीएस अरोडा, कुलपति डॉ. राकेश यादव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एसएन साहू, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप मीडिया प्रभारी विश्वास राणा शामिल रहे।


श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में तिरंगा फहराते अतिथि। ● अमृत विचार

## देशभक्ति के तरानों से गूंजा नगर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पालिका में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद शहीद सरदार भगत सिंह एवं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। पालिकाध्यक्ष ने पूर्व पालिकाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चिकित्सकों के साथ ही सभासदों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ. धुवेंद्र सिंह, ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा, एचएसएस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा, चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सेवानिवृत उपनिरीक्षक सोमपाल सिंह एवं प्रबंधिका इंद्रेश देवी, जीडी अकेडमी में प्रधानाचार्य बृज त्यागी, झम्मन लाल महाविद्यालय में निदेशक गोपाल सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर में पूरे दिन जगह देशभक्ति के तराने गूंजते रहे। इससे नगर का माहौल देशभक्तिमय हो गया।


कार्यक्रम में शामिल पालिकाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

## 75वें गणतंत्र दिवस पर स्कूल-कालेजों में शान से फहराया तिरंगा

गजरौला, संवाददाता

▸▸ एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन व एमडी ने किया ध्वजारोहण

▸▸ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों के अलावा स्कूलों में आन-बान व शान से तिरंगा फहराया गया। कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इसके अलावा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चेयरमैन गुरुबचन सिंह एवं एमडी चौधरी वीरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी, डायरेक्टर पुनीत सिंह, स्कूल कोआर्डिनेटर साक्षी सिंह आदि उपस्थित रहे। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण किया। कार्मेल पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल, यश पब्लिक स्कूल में भी ध्वजारोहण किया गया। मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा सिद्धार्थ इंटर कालेज में संचालक रविराज सिंह, रायल स्कालर्स अकेडमी में प्रबंधक समीर प्रभाकर ने ध्वजारोहण किया। ज्ञान भारती इंटर कालेज, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल, सेंटसेफ स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया।

### गणतंत्र दिवस पर पढ़ाया निष्ठा व ईमानदारी का पाठ

**गजरौला, अमृत विचार :** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कंपनी में ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने वाले सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कंपनी के वीपी एवं साइट हेड विनोद झा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। यूनिट हेड विनोद झा एवं कंपनी में सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह ने कंपनी के कर्मियों को निष्ठा एवं ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। कहा कि विश्वास से बढ़कर कुछ नहीं होता है। इस मौके पर निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, प्रशासनिक प्रबंधक अशोक राय, विनय शुक्ला, आरए शर्मा आदि मौजूद रहे।


तिरंगे को सलामी देते अतिथि।






**कार्यक्रम** | गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद ने मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का किया आयोजन

# मैंने खुद देश की रक्षा की कसम खाई है, हर एक बूंद मेरी देश के काम आई है

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक शाम देश के अमर शहीदों के नाम कार्यक्रम के तहत कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कवि एवं शायरों ने देशभक्ति के तराने सुनाये। शायरों ने अपने कलाम से देर रात तक भीड़ की वाह वाही लूटी।

शुक्रवार की रात नगर पालिका परिषद में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आरंभ पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने शमा रोशन कर किया। जमाल हसनपुरी ने पढ़ा कि अब दूसरी हसरत कोई पाली नहीं जाती, तस्वीर तेरी दिल से निकाली नहीं जाती। आकर्ष त्यागी ने -तेरी चाहत के चर्चे कर रहा हूं, खुले हाथों से खर्च कर रहा हूं। कवि अनुराग मिश्रा ने कहा-यह कैसा आसमान से तना है, जिधर देखो कोहरा घना है। इकराम रामिश ने पढ़ा-दे गया गम वो जिंदगी के लिए, अब ना धड़केगा दिल किसी के लिए। डॉ. शशी त्यागी ने पढा-मैंने खुद देश की रक्षा की कसम खाई है, हर एक बूंद मेरी देश के काम आई है। शायर मुजाहिद अंसारी ने अपना कलाम कुछ यूं पढ़ा-हिंदी उर्दू ने बढ़ाया है वतन की शान को, हिंदी ने भारत कहा उर्दू ने कहा हिंदुस्तान। शायर सुलेमान फराज ने पढ़ा-मैं खून से हिफाजत करुंगा सरहद की, ना घटने दूंगा तिरंगे की शान तुझको सलाम। आरिफ बछरायूंनी ने सुनाया-हम सभी एक हैं सबका है यह वतन, फूल हैं मुख्तलिफ एक ही है चमन। एडवोकेट मुजाहिद चौधरी ने सुनाया-दुनिया भर में तिरंगा फहरायेगा शान से, देश के स्वाभिमान की रक्षा की है शान से। हास्य शायर नौशाद अनवर ने पढ़ा-ऐसा किया मजाक मेरी जिंदगी के साथ, छोटी दिखाकर फेरे फिरवाये बड़ी के साथ। श्री दत्त शर्मा ने कहा-काम दानवों के अधिकतर कर रहा है आदमी, इसलिए भी आदमी से डर रहा है आदमी। डॉ. साक्षी सदफ ने पढ़ा-तिरंगे के सभी रंगों को शान कहती हूं, वतन के नाम पर यह जान है कुर्बान करती हूं। अलीम वाजिद ने फरमाया-अपनी मिट्टी पर जो कुर्बान नहीं हो सकता, मेरा दावा है वह कभी इंसान नहीं हो सकता। जिसके सीने में नहीं है अपने वतन की उल्फत, वो कभी सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता।

इस मौके पर कोतवाल विनय कुमार, कस्बा इंचार्ज विकास कुमार, ईओ पीएन दीक्षित, स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, जेई संगीता कश्यप, शाहनवाज अंसारी, रवि शंकर शर्मा एडवोकेट, जावेद जरताब, मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मुन्ना चौहान, नौशाद, कृष्ण कुमार वाल्मीकि, राहुल शर्मा आदि मौजूद थे।


कार्यक्रम में मंच पर शामिल अतिथि। ● अमृत विचार




# संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है, लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

# रूपांतरण का महीना है माघ



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है, उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष, विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

# आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है, परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है, उसका आचरण कैसा है, वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है, यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो, परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?


आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं, उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।

संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण, अच्छे व्यवहार, अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य, जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार, घर के समान तरीके से रखना, आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है, जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं, जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है, जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

## साहित्य: रूप परिवर्तन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक वह युग था, जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था, पर भाषा का विकास हो रहा था, संवाद होता था, साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा, वाचिक-परंपरा, स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत, कथा, गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ, किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है, साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है, साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं

(रेडियो-नाट्य, रेडियो-रूपक, फीचर, वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

## परम तत्व चिंतन



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है, जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है, जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है, जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है, उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए, उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

# जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

> तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया, बीते समय में हम आगे बढ़े, लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है, लेकिन हमारी गति कम है, क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है, हमें वोट उसे देना है, जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है, लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं, क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की और संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था, लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी, पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर, यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं, 'पुकार लो, तुम्हारा इंतज़ार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे, अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है, तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए, लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं, विवाद का समाधान नहीं होता, तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म, पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं, जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा, क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

## बंधन से मुक्ति



रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

> ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे, क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है, जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है, जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।

## एक नजर

### सांड ने हमला करके किसान को किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गेहूं की फसल की रखवाली करने गए किसान पर सांड ने हमला कर दिया। इसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला का है। यहां रहने वाला कपिल शुक्रवार की देर शाम छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। इस दौरान अचानक एक सांड उसके खेत में घुस गया। खेत से निकालने का प्रयास करते समय सांड ने कपिल पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। कपिल की चीख सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और सांड को भगाया। इसके बाद घायल कपिल को गांव के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### मेधावी छात्रा को साइकिल देकर किया सम्मानित

**बुरावली, अमृत विचार :** रमजानी मॉडर्न इंटर कॉलेज छपना में मेधावी छात्रा को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने कॉलेज की मेधावी छात्रा शीतल को साइकिल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर बच्चे को मेहनत से पढ़ना चाहिए। ताकि अगली बार हर बच्चा टॉप करें।

### निजी नलकूप से स्टार्टर, सोलर पैनल व केबिल चोरी

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव मटीपुरा में चोरों ने निजी नलकूपों पर धावा बोल दिया। शुक्रवार रात में पांच नलकूपों से सोलर पैनल, केबिल, स्टार्टर, बैटरे व ऑपरेटर आदि चुरा लिए गए। पीड़ित किसानों को सुबह घटना की जानकारी हुई। गांव मटीपुरा के अजय पाल एक बैटरा व सोलर पैनल, महेश का एक बैटरा सेट और केबिल, ऋषिपाल का एक बैटरा व केबिल, अंकित का एक बैटरा, स्टार्टर व पानी का पंखा, वेद प्रकाश का स्टार्टर, ऑपरेटर, केबिल व बैटरा आदि चुरा लिया। एक ही रात में पांच नलकूपों से चोरी होने से किसानों में रोष है। रहरा थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि चोरी कोई तहरीर किसानों ने अभी तक नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अमरोहा की खबरें पेज 14 पर भी

# तरारा गांव में आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पुलिस मान रही है आत्महत्या, मौत का कारण स्पष्ट नहीं

संवाददाता, सैदनगली



**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर आम के पेड़ से लटका मिला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मामला थाना क्षेत्र के गांव तरारा खुर्द का है। शनिवार की दोपहर 25 वर्षीय भूपेंद्र उर्फ कालिया का शव उसके घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित आम के पेड़ पर मफलर से लटका मिला। सूचना पर पुलिस भी आ गई। बताया गया कि मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। थानाध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि मामला आत्महत्या का है। हालांकि कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खोखे के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे किनारे टायर पंक्चर के खोखे के पास युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस काफी प्रयास के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं करा सकी। नेशनल हाईवे स्थित अरविंद फिलिंग स्टेशन के पास टायर पंक्चर का खोखा रखा है। खोखे के पीछे लगी बल्ली पर रस्सी के सहारे युवक का शव लटका देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने भी निरीक्षण किया। मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है। लाल और काली चेक की शर्ट पर उसने जैकेट पहन रखी थी। सीओ सिटी के मुताबिक प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### माल गोदाम में मिला वृद्ध का शव, शिनाख्त नहीं

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में शुक्रवार को 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जीआरपी व आरपीएफ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि वृद्ध की मौत ठंड की वजह से हुई है। जीआरपी चौकी प्रभारी श्याम बाबू ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ट्रैक्टर रैली निकालकर भाकियू ने एसडीएम कार्यालय पर की पंचायत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गन्ना मूल्य में कम वृद्धि एवं अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने ट्रैक्टर रैली निकाली। इसके बाद एसडीएम कार्यालय पर पंचायत कर विरोध जताया।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की मांग के अनुरूप गन्ना मूल्य बढ़ाना और किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय आह्वान पर भाकियू ने गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली निकाली। मंडी समिति से शुरू हुई ट्रैक्टर-रैली अमरोहा बस स्टैंड, राजपूत कॉलोनी, आंबेडकर पार्क, कोतवाली होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने पंचायत की। इसमें किसान नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। इसलिए राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ट्रैक्टर-रैली निकालकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई है।

इस दौरान ठाकुर महेश सिंह, काले सिंह, चंचल सिंह, धर्मपाल सिंह, सीता आर्य, करन सिंह, विजय सिंह, यशपाल सिंह, रामसरन सिंह, चंदा, कैलाश, प्रकाश, महेश, सुरेश, महिपाल, यशवीर, रघुवीर, सागर आदि किसान मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर में हुई गोष्ठी

**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक के गांव हरियाणा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर ने गोपूजन और फीता काटकर किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन प्रकाश ने पशुओं में बांझपन, टीकाकरण एवं पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालकों से लाभ उठाने की अपील की। शिविर में 439 पशुओं का पंजीकरण कर गर्भ परीक्षण कृत्रिम गर्भाधान, कृमि नाशक दवा का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी केपी सिंह, विपिन कुमार, विशेष कुमार, राजकुमार, गुड्डू शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



पालिकाध्यक्ष को सम्मानित करते श्री राम सेवा समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### श्री राम सेवा समिति ने पालिकाध्यक्ष को किया सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के माध्यम से नगर में कराई गई सजावट के लिए श्री राम सेवा समिति ने पालिकाध्यक्ष को सम्मानित किया। शुक्रवार की रात श्री राम सेवा समिति के जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर के नेतृत्व में सभी राम भक्त पालिकाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे। कहा कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को नगर पालिका बहुत सुंदर व्यवस्था की। इससे पूरा नगर राममय हो गया। समिति ने पालिकाध्यक्ष को अंग वस्त्र पहनाकर तथा हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, आयुष रस्तोगी, अनुपम अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, शुभम रस्तोगी, बबलू पाल आदि मौजूद रहे।

### बाइक पर खतरनाक स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** संभल मार्ग पर युवक का चलती बाइक पर बैठकर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। इसमें युवक अपनी जान की परवाह किए बिना चलती बाइक पर हैरतअंगेज स्टंट करता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो हसनपुर- संभल मार्ग स्थित गांव कालखेड़ा के नजदीक का है। इसमें रोड पर छह बाइक एक साथ चल रही हैं। सभी पांच बाइक सवार हेलमेट लगाए हुए हैं। लेकिन जिस युवक द्वारा बाइक का अगला पहिया उठाकर खतरनाक स्टंट किया जा रहा है, उसने हेलमेट भी नहीं लगा रखा है। युवक लगभग 500 मीटर तक स्टंट करता रहा। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो के बारे में जानकारी की जा रही है।

### ध्वजारोहण के बाद बरतौरा में निकाली कलश यात्रा

**बुरावली, अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह जूनियर हाई स्कूल बरतौरा में 75वें गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्य अमोद कुमार त्यागी व प्रधान के पति मिंटू त्यागी ने झंडा फहराया। इसके बाद छात्राओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने झांकियां भी प्रस्तुत कीं। कलश यात्रा स्कूल से शुरू होकर गली मोहल्ले से होती हुई स्कूल पर समाप्त हुई। ग्राम वासियों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हर तरफ वातावरण में देशभक्ति के तराने गूंजते रहे। इस मौके पर अरविंद कुमार, जोगिंद्र कुमार, रामकरन, नवाब, गोलू, संजीव शकील व ग्रामवासी शामिल रहे।

### पिता का दोस्त बनकर शिक्षिका से 27,000 रुपये ठगे

**अमरोहा, अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने धोखा देकर शिक्षिका से 27,000 रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के मुहल्ला बगला निवासी मोहम्मद सलीम की बेटी अमरीन निजी स्कूल में शिक्षिका है। 26 जनवरी की शाम अमरीन के मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को पिता का दोस्त बताकर उनसे लिए तीन हजार रुपये लौटाने की बात कही। कुछ देर में ही अमरीन के मोबाइल पर मैसेज आया, जिसमें 30 हजार रुपये खाते में भेजने की डिटेल लिखी थी। इसके बाद ही साइबर अपराधी ने दोबारा कॉल करते हुए कहा कि तीन हजार की जगह गलती से 30 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। बकाया 27 हजार रुपये ट्रांसफर करने का झांसा दिया। साइबर अपराधी ने रुपये भेजने के लिए एक नया मोबाइल नंबर दिया। झांसे में फंसकर अमरीन ने तीन बार में 27 हजार रुपये बताए गए नंबर पर पेटीएम कर दिए। ऑनलाइन खाते की डिटेल देखने पर शिक्षिका को ठगी का अहसास हुआ। शनिवार को पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई व रुपये वापस कराने की मांग की है।

# मुठभेड़ में 25,000 का इनामी समेत तीन बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पुलिस एवं एसओजी ने देर रात मुठभेड़ के दौरान 25,000 रुपए के इनामी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से चोरी की दो बाइक एवं असलहा मिला है।

गुरुवार देर रात गांव दीपपुर को जाने वाले मार्ग पर गस्त के दौरान दो बाइकों पर सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 25,000 रुपये के इनामी नगर के मुहल्ला लालबाग निवासी मोहसिन व राजा निवासी मुहल्ला कनैटा तथा दानिश निवासी ग्राम जयतोली थाना रहरा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उनका एक साथी बाबू निवासी रहरा रोड मौके से भागने में सफल रहा।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पकड़े गए तीनों बदमाशों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल, चाकू, तमंचा एवं कारतूस मिले। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पकड़े गए दो बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए तीनों बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया।

# नौकरी के नाम पर पांच लाख की ठगी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार युवकों से 5.20 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर ऊर्फ अफजलपुर निवासी बाकर हुसैन का आरोप है कि सैदनगली के मुहल्ला सादात उझारी निवासी फुरकान युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का काम करता है। वह खुद भी सऊदी अरब में नौकरी करता था। आरोप है कि उसने गांव निवासी नजीर अली, इरशाद अली व अली वारिस को सऊदी अरब और कुवैत भेजने का झांसा दिया।

एक नौकरी और वीजा के बदले में 1.30 लाख रुपये तय किए। इसके बाद सभी ने रुपये आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। फुरकान ने दिल्ली निवासी मोहम्मद अयूब और बिजनौर के बढ़ापुर निवासी सलीम के साथ मिलकर तीनों युवकों से 5.20 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद विदेश नहीं भिजवाया। तकादा करने पर रुपये भी वापस नहीं किए।

प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपियों फुरकान अली, मोहम्मद अय्यूब व सलीम के खिलाफ अमानत में खयानत के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सेना में नौकरी के नाम पर किसान के बेटे से ठगी

**अमरोहा, अमृत विचार :** किसान के बेटे को सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर पिता-पुत्र ने 5.85 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल निवासी किसान अमर सिंह का बेटा नौकरी की तलाश में था। गांव के ही रजनीश और उसके पिता रतिराम उर्फ नन्हें सेना में हैं। पिता-पुत्र को अमर सिंह के बेटे के बेरोजगार होने और नौकरी की तलाश करने की जानकारी थी। लिहाजा, दोनों ने किसान को झांसे में फंसा लेकर बेटे की सेना में नौकरी लगवाने की बात कहकर पांच लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। बाद में अमर सिंह ने 85 हजार रुपये आरोपियों को नगद भी दिए। दोनों ने तीन महीने के भीतर नौकरी लगवाने का वादा किया लेकिन निर्धारित समय गुजरने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। अमर सिंह ने रुपये वापस मांगे तो दोनों आनकानी करने लगे। गांव में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन पिता-पुत्र ने रुपये लौटाने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रजनीश और उसके पिता रतिराम उर्फ नन्हे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



रैली में शामिल लोग। ● अमृत विचार



ध्वजारोहण करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# गणतंत्र दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

गजरौला, संवाददाता

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी तेजवीर सिंह अलुना के नेतृत्व में स्कूल-कॉलेज के बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा मालगोदाम रोड, रेलवे स्टेशन, शिव इंटर कॉलेज होते हुए मिशन अकेडमी पर संपन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी व्यक्त की।

तेजवीर सिंह अलुना ने कहा कि अपने देश के लिए अच्छे कार्य करते रहना चाहिए। अन्याय के खिलाफ खड़े रहकर देश की उन्नति में कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति है।

यात्रा के दौरान, ओमप्रकाश सिंह हर्षित अलुना, गुरविंदर, अर्चना, गीता, शिखर, रमन, रोहित, आंशु आदि शामिल रहे।

### व्यापारियों ने ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

**चौधरपुर, अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर चौधरपुर और जोया में व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया। चौधरपुर में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगराध्यक्ष दिलशाद खान के प्रतिष्ठान पर चेयरमैन हाजी अब्दुल हक अंसारी ने ध्वजारोहण किया और मिठाई बांटी। इस मौके पर दिलशाद खान, हाफिज जमील, अशरफ नसीरी, हाजी अब्दुल हक अंसारी, हाकम अली, सोमपाल, भूरा, सूफी इरफान, अनवर अली आदि मौजूद रहे। उधर कस्बा जोया में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जोया नगराध्यक्ष हर स्वरूप माथुर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर चेयरमैन फहीम अहमद, गुड्डू, मोहसिन, मोहम्मद अंजार, मनोज, नवनीत कुमार गुप्ता, सुनीता, नाजिल हसन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# कांठ विधायक ने एसडीएम बनी निधि को दी बधाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को कांठ विधायक कमाल अख्तर ने ग्राम पंचायत तरौली के माजरा नया गांव निवासी वीरपाल सिंह की बेटी निधि को एसडीएम बनने पर बधाई दी।

निधि ने पहले प्रयास में ही उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 39वीं रैंक प्राप्त क्षेत्र एवं जनपद का नाम रोशन किया है।

विधायक ने कहा कि अगर इंसान में मेहनत करने का जज्बा हो तो नसीब उसे बुलंदियों पर पहुंचा देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को निधि से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए।



एसडीएम बनने पर निधि को बधाई देने पहुंचे विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

### गंगेश्वरी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में भाग लेने वाले बच्चों में उत्साह देखने को मिला। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र में स्कूलों व सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्षेत्र के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, ग्रामोदय इंटर कॉलेज गंगेश्वरी, श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज रहरा, शिक्षा भारती इंटर कॉलेज रहरा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय रहरई, शिव पार्वती आदर्श इंटर कॉलेज दढ़ियाल, एसएसपी बाल विद्यालय मुबारिजपुर, न्यू लाईफ एजुकेशन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल मरौरा, एम इदरीसी जूनियर हाईस्कूल पौरारा आदि में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

**आयोजन** शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को संविधान के महत्व के बारे में दी विस्तार से जानकारी

# ग्रामीण क्षेत्र में भी शान से फहराया गया तिरंगा

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में भी 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को संविधान के महत्व के बारे में बताया।

राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में प्रबंधिका सरोज गुर्जर ने झंडा फहराया। राजकीय इंटर कॉलेज बांसका कला में प्रधानाचार्य विकास कुमार ने ध्वजारोहण किया। ग्रामीण विकास सेवा समिति बुरावली में चौधरी शादान ने झंडा फहराया, एसएलजे डिग्री कॉलेज नॉलेज पार्क हाकमपुर में प्रबंधक संजय सिंह भाटी ने ध्वजारोहण किया। गुरु गोविंद सिंह जूनियर हाई स्कूल बरतौरा में प्रधानाचार्य अमोद कुमार त्यागी व प्रधान के पति मिंटू त्यागी, मेहताब जहां जनता पब्लिक स्कूल बुरावली में अध्यक्ष सदाकत चौधरी ने ध्वजारोहण किया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटाई जोया व राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सूतावली में प्रधानाचार्य लख्मीचंद व राजेश चंद्रा ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। ग्राम पंचायत बुरावली में प्रधान जफर जूरीद व रोजगार सेवक अनुज कुमार ने झंडा फहराया। मदरसा अमीर अहमद जूनियर हाई स्कूल बांसका कला में महराज अली ने, कंपोजिट विद्यालय बुरावली में प्रधानाचार्य गौतम सिंह, प्राथमिक विद्यालय मटीपुरा में प्रधान अरुण कपासिया ने झंडा फहराया। श्रीमती भागवती मेमोरियल इंटर कॉलेज खुर्तिया में प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने झंडा फहराया। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक बुरावली में प्रबंधक पंकज कुमार मीणा ने ध्वजारोहण किया। रमजानी मॉडर्न इंटर कॉलेज छपना में प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने झंडा फहराया।




देशभक्ति गीत पर नृत्य करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

तहसील में उप जिलाधिकारी राजीव राज ने ध्वजारोहण किया। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार मौजूद रहे। ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख आशा चंद्रा, पालिका में अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, बछरायूं में पालिकाध्यक्ष राहत हसन ने ध्वजारोहण किया। भागीरथी देवी महाविद्यालय में प्रबंधक राजेन्द्र कुमार, वाईएमएस डिग्री कालेज में प्रबंधक रियाज अहमद सैफी ने ध्वजारोहण किया। एबीएसए कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, बीएसडी अकेडमी में प्रबंधक नितिन धारीवाल ने ध्वजारोहण किया।



## एक नजर

### जुनावई में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई में विकास खंड कार्यालय, पशु स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय महाविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनता इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं पर पर तिरंगा फहराया गया। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** सौंधन मोहम्मदपुर में राम निवास स्मारक इंटर कॉलेज, श्री जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज, वाईएस पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। रामनिवास स्मारक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा, होराम सिंह यादव, ओमकार यादव, श्री जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज में नीरज यादव, चुनमुन राव, वाईएस पब्लिक स्कूल में सुलेन्द्र यादव, सुभाष गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को सुनाया गया शिक्षा मंत्री का संदेश

**रजपुरा, अमृत विचार :** सूरजमुखी इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण हुआ। छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। बच्चों को माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान प्रबंधक आनंद स्वरूप अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रधानाचार्य कृपाल सिंह और स्टाफ मौजूद रहा।

### पुलिस की निगरानी में निकली संकीर्तन प्रभात फेरी

**बबराला, अमृत विचार :** गांव बाघऊ में ग्रामीणों द्वारा पौष पूर्णिमा के दिन से एक माह तक माघ मास संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली जाती है। शनिवार को सुबह प्रभात फेरी के समय पुलिस गांव पहुंची पुलिस की निगरानी में प्रभात फेरी निकाली गई। कोतवाल संजीव बालियान ने कहा कि परंपरागत संकीर्तन प्रभात फेरी शांतिपूर्वक निकाली गई।



हिंद स्टेडियम में ध्वजारोहण के बाद शपथ दिलाते एसडीएम सुनील त्रिवेदी। ● अमृत विचार



जिला चिकित्सालय में ध्वजारोहण के बाद विक्ट्री चिन्ह बनाते सीएमएस व अन्य डॉक्टर। ● अमृत विचार



सौंधन के रामनिवास स्मारक विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# जनपद में शान से फहराया गया तिरंगा, गूंजे देशभक्ति के तराने

## हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस, सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूल कॉलेजों में ध्वजारोहण, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूल कॉलेजों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गूंजा। स्कूलों में छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए देशभक्ति की अलख जगाई।

संभल नगर पालिका परिषद कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह व जिला कमांडेंट होमगार्डस ज्ञान प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में चेयरमैन आसिया मुशीर, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर, नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा। जिला अस्पताल पर सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल ने तिरंगा झंडा फहराया। यहां डॉ.अजफर कमाल, डॉ.जया कौशल, देवेश दीक्षित, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे। एसडीएम कार्यालय पर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी, एडीएम कार्यालय पर अपर जिला अधिकारी प्रदीप वर्मा, तहसील कार्यालय पर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने ध्वजारोहण किया। हिंद इंटर कॉलेज व हिंद स्टेडियम में एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी। यहां प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना और शिक्षक मौजूद रहे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने ध्वजारोहण किया। शहर के स्कूलों में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया।



असमोली ब्लाक कार्यालय में कंबल वितरण करते बीडीओ अजीत सिंह व अन्य।

### फहराया तिरंगा और हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली ब्लाक के मुख्यालय मनोटा में गणतंत्र दिवस पर बीडीओ अजीत सिंह ने तिरंगा फहराया। गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह, जेई आरईडी विपिन कुमार, सत्यपाल सिंह, रंजीत सिंह, कुनाल सिंह, शैलेन्द्र चौहान, सतेन्द्र सिंह आदि रहे। मतावली पट्टी जग्गू में स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटर कॉलेज में मैनेजर खुर्शीद अहमद, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, शिक्षक सोमनाथ जोशी, भूदेव सिंह आदि मौजूद रहे। लिटिल फ्लॉवर्स एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर, संभल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक बुद्ध सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने विचार रखे।

### सिरसी के स्कूल कॉलेजों में हुआ ध्वजारोहण

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के जवाहरलाल मैमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज में चेयरमैन के प्रतिनिधि समर अब्बास और प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने झंडा फहराया। नगर पंचायत सिरसी में चेयरमैन के प्रतिनिधि समर अब्बास ने झंडारोहण किया। मदरसा जमाए इमाम मेहंदी, बहमन पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय पूर्वी में फरमान अली, यूनिटी चिल्ड्रन एकेडमी में शबीह अब्बास, संभल पब्लिक स्कूल में काशिफ रजा ने ध्वजारोहण किया।

# राष्ट्र को मजबूती देकर आगे बढ़ाएं : नरेंद्र कश्यप

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में पुलिस कर्मियों की टोलियों ने देशभक्ति का जज्बा दिखाया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने परेड की सलामी ली । स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राष्ट्र को मजबूती देकर आगे बढ़ाना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

रिजर्व पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को लेकर संकल्प दिलाया। राज्य मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों ने हर्ष फायरिंग कर गणतंत्र दिवस मनाए जाने का जश्न मनाया। परेड में पुलिसकर्मियों की टोली ने देशभक्ति का जज्बा दिखाया। परेड के प्रथम कमांडर सीओ बहजोई दीपक कुमार, द्वितीय कमांडर प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, तृतीय कमांडर उपनिरीक्षक यशपाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीपक कुमार पुलिस कार्यालय की टोली सबसे आगे देशभक्ति का जज्बा दिखाते हुए चल रही थी। पुलिस लाइन की टोली आकाश यादव के नेतृत्व में जबकि तृतीय महिला आरक्षी की टोली उप निरीक्षक रेनू राठी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही थी। परेड में डायल 112, फोरेंसिक विभाग, फायर सर्विस सहित विभिन्न पुलिस की टोलियां ने अपना शौर्य दिखाया। इस दौरान डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, संभल विधायक इकबाल महमूद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन कवि डॉ सौरभ कांत शर्मा व संगीता भार्गव ने किया।



गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण करते राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, साथ में जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

- प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ली परेड की सलामी
- पुलिस कर्मियों की टोलियों ने दिखाए शौर्य व साहस के साथ देशभक्ति का जज्बा

### एबीसी मांटेसरी स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**बहजोई, अमृत विचार :** एबीसी मांटेसरी स्कूल चंदौसी के स्कूली बच्चों ने चंद्रयान को लेकर प्रस्तुति दी । वहीं बहजोई हेरिटेज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर किया। एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रदेशों के परिधान में कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

**बहजोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में 75 वें गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। कलेक्ट्रेट में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरीं। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता ममता राजपूत, योगेंद्र कुमार के अलावा डीएम कार्यालय के आशुलिपिक सुरेंद्र कुमार, रीडर हैरान सिंह, एडीएम कार्यालय के आशुलिपिक राजन शेखावत व रीडर सलमान खान को सम्मानित किया गया।

**सरकारी दफ्तरों में लहराया तिरंगा :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद ने ध्वजारोहण किया। वहीं जिला पंचायत पर अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, बीएसए दफ्तर पर बीएसए चंद्रशेखर, सीएमओ दफ्तर पर सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, डीआईओएस दफ्तर पर डीआईओएस वेदराम ने ध्वजारोहण किया। अन्य दफ्तरों पर भी गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

# भाकियू टिकैत ने उत्साह से निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी महिदेव सिंह के नेतृत्व में किसान ट्रैक्टरों पर तिरंगा झंडा लगाकर यात्रा मंडी समिति से शुरू होकर चौधरी सराय चौराहा, हल्लू सराय, यशोदा चौराहा, चंदौसी चौराहा होते हुए नई तहसील कार्यालय पहुंचे।

किसानों ने तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। छुट्टा गोवंश पशुओं से निजात दिलाने, किसानों का तहसील स्तर पर शोषण न होने, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी, फसल का वाजिब मूल्य दिलाने, गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिन में कराने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, चौधरी वीरेंद्र सिंह, रामवीर त्यागी, अंकित त्यागी, रविंद्र सिंह, सुमित तेवतिया, वीरेश यादव, मिथिलेश शास्त्री, गायत्री देवी यादव, संजीव यादव, डॉ. देवेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, पवन चौधरी, वीरेंद्र सिंह, करण सिंह पाल, सनी चौधरी, अभिषेक चौधरी आदि रहे।



संभल तहसील कार्यालय में नारे लगाते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



चन्दौसी में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालते किसान। ● अमृत विचार

- किसानों ने तहसीलदार को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया

### चन्दौसी में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाल नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन ने गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। तहसील में समस्याओं के समाधान को नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार की दोपहर भाकियू टिकैत के किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा को मंडी समिति से सीओ कार्यालय, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, आजाद रोड, मालगोदाम रोड, बदायूं चुंगी से तहसील तक निकालना चाहते थे। मगर पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा मंडी समिति गेट से बाईपास रोड होते हुए बदायूं चुंगी से तहसील तक पहुंची। तहसील पहुंचने पर भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने किसानों के साथ लोकल समस्याओं के समाधान के लिए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महेश यादव, रामवीर सिंह, महावीर सिंह यादव, बनवारी सिंह यादव, राजपाल सिंह, विमल यादव, योगेंद्र सिंह, ऋषिपाल आदि किसान मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यालय पर फहराया तिरंगा

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कॉलोनी में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, इमरान तुर्की, अर्जुन वाल्मीकि, मुकुल कुमार रस्तोगी, सौरभ गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, राम सिंह सैनी, शोभित गुप्ता, गणेश शर्मा, राखी सिरोही, अंकुश ठाकुर, दिनेश जाटव, सुरेश अटल, गौतम, सत्या सैनी, प्रियांशु जैन, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।



ध्वजारोहण में शामिल भाजपा नेता।



ज्ञानशिला एजूकेशनल ट्रस्ट के कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

### सामाजिक संगठनों ने किया झंडा रोहण

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ जीवन ज्योति ने रामबाग स्थित रामबाग बाल विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया। अध्यक्ष कोमल अग्रवाल व सचिव भावना गुप्ता ने ध्वजरोहण किया और विचार व्यक्त किए। समारोह के उपरांत बच्चों को बूंदी, रेवड़ी,चिप्स आदि वितरित किए गए। सुनीता, स्मिता, मधु गुप्ता, शीला, डॉली, अंजना आदि मौजूद रहीं। उधर साक्षी सेवा समिति चन्दौसी स्टार की ओर से आवास विकास पार्क में समिति की अध्यक्ष सुधा शर्मा ने झंडा रोहण कर राष्ट्रगान गाया। इस दौरान रेनु शर्मा, रजनी रस्तोगी, सलोनी रस्तोगी, सुनीता शर्मा, विजयलक्ष्मी आदि उपस्थित रहीं। वहीं सीता रोड स्थित झुन्नीलाल धर्मशाला में ज्ञानशिला एजुकेशनल ट्रस्ट के बच्चों देश भक्ति से परिपूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से मनमोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. टीएस पाल, एसआरजी शालिनी सक्सेना एवं विनीता सक्सेना ने किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** बबराला व गुन्नौर नगर सहित आसपास क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विभिन्न स्कूलों में भी शान से तिरंगा फहराया गया। बच्चों ने देशभक्ति को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

बाबूराम सिंह इंटर कालेज, शान्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज, संस्कृति पब्लिक स्कूल, लोहिया कान्वेंट स्कूल, रामा कान्वेंट, गंगोत्री पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने हाथों में राष्ट्र ध्वज तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकालीं और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर पंचायत में चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी और स्टाफ ने देश की एकता अखंडता के लिए बलिदान करने वाले शूरवीरों और भारत के नीति निर्माताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### सरकारी कार्यालयों पर फहराया तिरंगा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील पर उपजिला अधिकारी रमेश बाबू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कोतवाली, नगर पंचायत कार्यालय में भी झंडारोहण हुआ। गुन्नौर में खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख हनी यादव ने झंडा फहराया। गणतंत्र दिवस को लेकर विचार रखे। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाल विद्या स्कूल में फहराया तिरंगा

**संभल, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के मौके पर बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल संभल में मुख्य अतिथि डॉ.डीएन शर्मा ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य मनीष पंवार, प्रबंधक हरीश चंद्र गर्ग, अजय सिंघल, सुनील कुमार सिंह, पल्लवी रस्तोगी, अंकिता गर्ग, राकेश अग्रवाल आदि रहे।

### देश की एकता और अखंडता पर चर्चा

**संभल, अमृत विचार :** हाकिम अपना पाटी के कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद हमजा एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया। देश की एकता, अखंडता और गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान खाकान गौरी, डॉ.शहरोज, फिरोज अहमद, मास्टर जफर, फरदीन, भीकम सिंह भारती, मनोज कुमार, राजीव कुमार आदि रहे।

# सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 37 पुलिस कर्मियों को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अति उत्कृष्ट सेवा पदक से उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार सेवानिवृत, उप निरीक्षक ओम प्रकाश, पुष्पेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, महेंद्र पाल सिंह, बाबू सिंह, राकेश सिंह, कर्मेंद्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, यतेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी मैलानी कुजूर, जितेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह, उदयभान उपाध्यक्ष, सुभाष सिंह, योगराज सिंह, मूल सिंह, सुभह राम, अशोक कुमार, दिनेश सिंह, राजेंद्र यादव, सोमपाल सिंह, लीलू सिंह, हरपाल सिंह, लोकेंद्र त्यागी, अनिल कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार, गजेंद्र सिंह, चरण सिंह, सरदार सिंह, तेज सिंह, कलवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, अतर सिंह जबकि जनपद स्तर पर डायल 112 में नियुक्त रहकर सहरिया कार्य करने वाले कमांडर हिमांशु गंधर्व, कमांडर सुरेंद्र शर्मा, संतोष कुमार, रणजीत सिंह, सविंदर सिंह, शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। वहीं उत्कर्ष कार्य के लिए जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों व संभ्रांत नागरिकों को भी सम्मानित किया।



जिला सूचना अधिकारी को सम्मानित करते मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार



मदरसा अजमल उल उलूम में तिरंगे फहराते बच्चे। ● अमृत विचार

**सम्मान**

- 37 पुलिस कर्मियों को मिला अति उत्कृष्ट सेवा पदक

### मदरसे में ध्वजारोहण, बच्चों को संविधान के बारे में बताया

**संभल, अमृत विचार :** मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने भारतीय संविधान की विशेषता बताई। प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद मियां ने संविधान के बारे में जानकारी दी। अंत में देश की तरक्की के लिए दुआ की गई। संचालन मौलाना जियाउल हक ने किया।

## एक नजर

### जुआ खेलते नकदी सहित चार लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला में स्थित मुशर्रफ कालोनी में सड़क किनारे बैठकर शुक्रवार को मुहल्ला नाला निवासी मोहम्मद सरताज, जीशान और मुहल्ला चौधरी सराय निवासी इस्तेकार व कैफ ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और मोहम्मद सरताज, जीशान, इस्तेकार और कैफ को हिरासत में लेकर 1430 रुपये कब्जे में ले लिए। तलाशी लेने पर चारों के पास से 460 रुपये भी बरामद हुए।

### लोगों को देखकर प्रेमिका के घर से भागा किशोर

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 16 वर्षीय बेटी का गांव के ही किशोर से प्रेम प्रसंग है। शनिवार को ग्रामीण की पत्नी किशोरी को घर छोड़कर दवा लेने गई थी। मौका मिलते ही वह किशोरी से मिलने पहुंच गया। मुहल्ला के लोग मौके पर इकट्ठा हुए तो किशोर भाग गया। इसके बाद महिला किशोरी को लेकर थाने पहुंची और किशोर के खिलाफ पुलिस में शिकायत की।

### मेड़ काटने से मना किया तो सगे भाइयों ने की मारपीट

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला शहजादी सराय निवासी किशनलाल शुक्रवार को खेत पर गया था। मुहल्ला के ही सगे भाई कुंवरपाल, लालसिंह और हरिओम खेत की मेड़ काटकर रहे थे। किशनलाल ने विरोध किया तो कुंवरपाल, लालसिंह और हरिओम गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। किशनलाल को बचाने पहुंची उसकी मां मुन्नी व बेटा दीपक के साथ भी मारपीट की। तहरीर मिलने पर पुलिस कुंवरपाल, लालसिंह और हरिओम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

संभल/जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में बोलेरो पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो ग्रामीण घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव दीपा नगला बंगाली कॉलोनी निवासी बलराम साथी शिवा के साथ बाइक पर सवार होकर जुनावई साप्ताहिक बाजार करके घर वापस लौटने लगा। गांव धनीपुर के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बलराम गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि शिवा चोटिल हुआ।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 20 पर भी

# गणतंत्र दिवस पर बिखरी देश भक्ति के गीतों की छटा

## जिला न्यायालय, तहसील व पालिका कार्यालय समेत सरकारी दफ्तरों में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में विद्यार्थी व शिक्षक देश भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कार्यालयों व महापुरुषों के स्मारकों को तिरंगे रंगों में सजाया गया। यहां राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान सभी उत्साहित नजर आए।

जिला न्यायालय में जिला जज कमलेश कुच्छल ने तहसील मुख्यालय पर एसडीएम संदीप कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

नगर पालिका परिषद के गांधी पार्क स्थित कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। साथ ही 100 फिट ऊंचे पोल पर लगा तिरंगा फहराया। इसके बाद यहां विभिन्न वेशभूषा में सजे बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव समेत अन्य पालिका अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर ब्लॉक बनियाखेड़ा में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. सुगंधा सिंह व बीडीओ कमल कांत ने संयुक्त रुप से ध्वज रोहण किया। वहीं रामबाग धाम स्थित वृद्धाश्रम में भी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश भक्ति गीतों की छटा बिखरी। युवाओं ने एक के बाद एक देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

इसके अलावा कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक हरभजन सिंह, जीआरपी थाना में थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने झंडा रोहण किया। अन्य सरकारी कार्यालयों में भी तिरंगा फहराया गया।



नगर पालिका कार्यालय में झंडा रोहण करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।



पालिका कार्यालय में देश भक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**

▸▸ वृद्ध आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सुनाई दी देश भक्ति के गीतों की स्वर लहरी

### तिरंगा यात्रा निकली गूंजे देशभक्ति के तराने

संभल, अमृत विचार : गणतंत्र दिवस पर संभल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के बैनर तले निकाली गई तिरंगा यात्रा में नौजवान हाथ में तिरंगे झंडे लेकर देश भक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। मोहल्ला कोट पूर्वी से शुरू हुई तिरंगा यात्रा का आरंभ भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल एवं श्री कल्कि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने किया। राष्ट्रगान के बाद तिरंगा यात्रा अपने रास्ते पर आगे बढ़ी तो भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे गूंज उठे। विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान बैंड- बाजों की गूंज पर राष्ट्रभक्ति गीत बजाए गए। भारत माता की झांकी सभी को आकर्षित कर रही थी। तिरंगा यात्रा शंकर कॉलेज चौराहा से होते हुए वापस प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में शादी का सामान जला

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र बिजली के केबल में शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई। आग की चपेट में आकर बहन की शादी के दहेज के सामान सहित तमाम कीमती सामान जलकर राख हो गया।

मुहल्ला मंगलपुरा होली चौक निवासी मोहम्मद अहमद के मकान की छत के ऊपर बने कमरे में गुरुवार की देर रात आठ बजे शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से कमरे में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि कमरे में रखे सामान के साथ साथ लकड़ी से बनी छत भी जल गई। धुंआ व आग की लपटें निकलती देखकर मोहम्मद अहमद ने शोर मचाया। शोर को सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। कड़ी मशक्कत से पानी डालकर मोहम्मद अहमद ने मुहल्ला के लोगों की मदद से आग को बुझाया। मोहम्मद अहमद ने बताया कि आग में कमरे में रखा बहन की शादी का सामान फ्रिज, वॉशिंग मशीन व खाने पीने सहित अन्य सामान जलकर बर्बाद हो गया।

# देश भक्ति के गीतों पर प्रस्तुति देकर मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्कूल व कॉलेजों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य आदि की प्रस्तुति से देश भक्ति की भावना जगाई।

एसएम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव, एसएम इंटर कालेज में राजेश गुप्ता, एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में डॉ. अलका रानी अग्रवाल, बीएमजी इंटर कॉलेज में सीमा सागर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज हनुमान गढ़ी में प्रबंध समिति द्वारा ध्वज रोहण के बाद पथ संचलन निकाला गया। जो विद्यालय से चलकर बिसौली गेट, फव्वारा चौक, मालवीय चौक, संभल गेट, गणेश मंदिर होते हुए विद्यालय पहुंच कर संपन्न हुआ। सांई बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाचार्य मुन्नी देवी सक्सेना, प्रबंधक रविंद्र कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुरादाबाद रोड स्थित राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज तोमर द्वारा ध्वज रोहण किया गया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, नितिन चौहान, शैलेंद्र सोलंकी, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार आदि थे। चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में प्रबंधक सुधांशु रुस्तगी ने ध्वज रोहण किया। इसके अलावा नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, एफआर इंटर कॉलेज, राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आरएस इंटर कॉलेज, आरआरके स्कूल, जीके सिल्वर स्टोन स्कूल, एएम वर्ल्ड स्कूल, सिल्वर स्टोन स्कूल, ओपीजीएम स्कूल समेत अन्य सरकारी व निजी विद्यालयों में झंडा रोहण के साथ देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। मोहल्ला गोलागंल स्थित मदरसा गौसुल आलम में मदरसे के छात्र व मदरसा प्रबंधक हाफिज मतीन अशरफी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। चन्दौसी पब्लिक स्कूल में सीओओ मधुलिका सिंह व विद्यालय सचिव विक्रम सिंह ने ध्वज रोहण किया। आस्था, दीप्ति, गौरी, आराध्या, श्वेता, पावनी, रोली, आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। जान्हवी व पायल ने संचालन किया।



गोलागंज स्थित मदरसे में झंडारोहण करते शिक्षक व विद्यार्थी।



राधागोविंद कॉलेज में झंडारोहण के बाद सलामी देते शिक्षक।

**देश भक्ति**

▸▸ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## सार संक्षेप

### श्री रामलला के दर्शन को रवाना हुईं भक्तों की टोलियां

संभल/बबराला, अमृत विचार : अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के लिए भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। शनिवार को जनपद से बसों में सवार होकर श्रद्धालु राम मंदिर में श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुए। लोगों ने जय श्रीराम उद्घोष संग जत्थे को रवाना किया। शनिवार सुबह संभल से बस में सवार होकर श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। वहीं बबराला नगर और आसपास क्षेत्र के 42 श्रद्धालुओं रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए। यह जत्था रविवार 28 जनवरी को रामलला के दर्शन करेगा और अगले दिन लौटेगा। जिसमें आरएसएस के विभाग संपर्क प्रमुख अरुण कांत, जिला कार्यवाह राजकुमार, नगर प्रचारक ऋषभ, भाजपा नेता दीपक यादव, नगर पंचायत गवां के पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी आदि हैं। वहीं श्रद्धालुओं की एक बस बहजोई से भी अयोध्या रवाना हुई।

### विधि विधान से कराई गई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

चन्दौसी, अमृत विचार : केवी रॉयल सोसाइटी सीता रोड में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य राम किशोर शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत देव मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देव मूर्तियों को शोभायात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण कराया गया। इसके उपरांत नरवर से आए विद्वानों ने हवन संपन्न कराया।

### ग्रामीण अंचलों में भी गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

कुढ़फतेहगढ़/बनियाठेर, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत कुढ़फतेहगढ़ में स्थित मिनी पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव द्वारा तिरंगा फहराया गया। रतनपुर स्थित पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान सुमन यादव ने तिरंगा फहराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में फार्मासिस्ट देवेंद्र सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया। कुढ़फतेहगढ़ स्थित बाबू सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य किशन लाल सिंह ने ध्वज रोहण किया। आरसीएस स्कूल धर्मपुर रत्ता में विद्यालय प्रबंधक प्रेमपाल सिंह ने झंडा फहराया। ग्राम पंचायत दारनी में स्थित पंचायत सचिवालय एवं प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार ने ध्वज रोहण किया। उधर बनियाठेर के कस्बा नरौली में सरदार सिंह इंटर कॉलेज समेत रानी दुर्गा कुंवरि कन्या इंटर कालेज में झंडा रोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम असालतपुर जारई स्थित कार्यालय पर गणतंत्र दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने ध्वज रोहण किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश चन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, संजीव शर्मा, संजीव राघव, शलभ शर्मा, नरेश गौड़, नरेश राघव, सुमित राघव, वीरपाल आदि मौजूद रहे।

### अंडरपास के लिए भाकियू असली का धरना जारी

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले धरना चौथे दिन भी जारी रहा। गंगा एक्सप्रेस वे पर गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर भाकियू असली की ओर से 24 जनवरी को धरना शुरू किया गया था। धरनास्थल पर एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी पहुंचे तो एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि काफी समय से अंडरपास निर्माण की मांग की जा रही है। जिला प्रशासन और कार्यदायी संस्था द्वारा उदासीनता के कारण किसानों में रोष है। मुद्दे को लेकर 30 जनवरी को धरना स्थल पर महापंचायत बुलाई गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, जयवीर सिंह यादव, चौधरी संजीव गांधी, आशिक रजा आदि रहे।

### गांव में जांच को पहुंची टीम के सामने पथराव

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी में ग्रामीणों की शिकायत पर टीम विकास कार्यों की जांच के लिए पहुंची तो ग्राम प्रधान व विपक्षी गुट के लोग भिड़ गये। दोनों पक्षों में टीम के सामने ही पथराव हुआ। हालात ऐसे बिगड़े की टीम बिना जांच किये ही वापस चली गई। बिचपुरी गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान रत्नेश पर विकास कार्यों में धांधली व गबन का आरोप लगाकर डीएम से शिकायत कर जांच की मांग की थी। शिकायत की जांच के लिए शनिवार को जांच टीम बिचपुरी गांव पहुंची। टीम को देखकर शिकायतकर्ता ग्रामीणों के साथ ही ग्राम प्रधान पक्ष के लोग भी इकट्ठा हो गये। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद बात इतनी बढ़ी कि पथराव शुरु हो गया। पथराव से गांव में अफरातफरी मच गई। ऐसे में जांच टीम बिना जांच किये ही वापस आ गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

### भट्ठे पर गिरी ईंटों की दीवार, मजदूर घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठे पर ईंटों की निकासी करते समय पक्की ईंटों की दीवार भरभरा कर ढह गई। जिसमें दबकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य मजदूरों ने घायल मजदूर को निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू में लेखराज, नत्थू सिंह आदि के ईंट भट्ठे पर शुक्रवार को सुबह पक्की ईंटों की निकासी हो रही थी। अचानक भट्ठे की दीवार भरभरा कर गिर गई। काम कर रहा गांव ओबरी निवासी मजदूर गुड्डू पुत्र अजीज हुसैन मलबे में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां काम कर रहे गांव के ही मजदूरों ने मलबे के नीचे दबे मजदूर गुड्डू को बाहर निकाला। घायल गुड्डू को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में परिजन गुड्डू को मुरादाबाद ले गए।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के कस्बा गवां में संभल चौराहा के समीप सड़क किनारे शनिवार को सुबह करीब 11 बजे करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। जिसके बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक ने पैंट, शर्ट और हाफ स्वेटर पहन रखा था। शव पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिल सकी। मृतक के पास से कोई मोबाइल या दस्तावेज नहीं मिला तो शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस हादसे में युवक की मौत होना भी मान रही है। जांच पड़ताल जारी है।

### गोशाला के लिए गंगा किनारे भूमि चयन का विरोध

गुन्नौर, अमृत विचार : गांव ईसमपुर डांडा में गोशाला बनाने के लिए जमीन का चयन गंगा किनारे किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा किनारे गोशाला बनी तो बरसात में बाढ़ के हालात बनने पर गोशाला भी चपेट में आ जाएगी। शनिवार को ग्रामीण मुद्दे पर बात करने को एसडीएम से मिलने आए लेकिन वह आफिस में नहीं थे। ग्रामीण कार्यालय के सामने धरना देकर बैठ गये। दो घंटे बैठने के बाद ग्रामीण लौट गए। ग्रामीणों ने कहा कि ईसमपुर डांडा के जंगल में ग्राम सभा के स्वामित्व वाली काफी जमीन है लेकिन प्रधान और राजस्व विभाग गंगा किनारे गौशाला बनाने का प्रस्ताव बना चुके हैं।

### मोबाइल पर डाउनलोड करें नमो ऐप

कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी छाबड़ा मंडल की बैठक कुढ़फतेहगढ़ स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई। जिसमें बिलारी विधानसभा विस्तारक संजय चौधरी ने भाजपा बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी व कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मोबाइल पर नमो ऐप डाउनलोड करने व शीघ्र पन्ना प्रमुख बनाए जाने की बात कही। कहा कि रविवार की सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर ग्रामीणों के साथ टीवी पर ला इव प्रसारण देखने व सुनने को कहा।

### घोड़े ने मचाया उत्पात, बाद में दम तोड़ दिया

चन्दौसी, अमृत विचार : शुक्रवार को अपराह्न करीब तीन बजे सीकरी गेट पुलिस चौकी के पास उस समय अफरातफरी का माहौल हो गया जब एक घोड़ा पागल हो गया और जहां तहां रोड पर दौड़ लगाने लगा। साथ ही आने जाने वालों पर हमला करने लगा। इस दौरान घोड़े ने तीन बच्चों को घायल कर दिया। जिससे अफरातफरी मच गई। करीब आधा घंटा तक घोड़े ने जम कर उत्पात मचाया और फिर चौकी के निकट तिराहे पर दम तोड़ दिया।

### बाइक की टक्कर से बच्ची घायल, दोनों पक्षों में पथराव

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र एक गांव में रास्ते में खेल रही बच्ची बाइक की टक्कर से घायल हो गई। शिकायत करने पहुंचे परिजनों के साथ बाइक सवार ने गाली गलौज की। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी विनोद शनिवार को बाइक लेकर गांव में ही जा रहा था। रास्ते में खेल रही जुगेंद्र यादव की आठ वर्षीय पुत्री करिश्मा बाइक की टक्कर से घायल हो गई। जुगेंद्र शिकायत करने पहुंचे तो विनोद गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज होती देखकर दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और विवाद इतना बढ़ गया कि छतों पर चढ़कर दोनों पक्ष एक दूसरे पर ईंट पत्थर बरसाने लगे। जिससे मुहल्ला में भगदड़ मच गई और लोग अपने घरों में कैद हो गए। गनीमत रही कि पथराव में किसी को चोट नहीं आई। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। थाना प्रभारी संदीप बालियान ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी है।

# ट्रेन से गिरा मजदूर गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सद्भावना एक्सप्रेस से गुरुवार की रात बनारस जा रहा मजदूर लोकल कोच में भीड़ अधिक होने पर चन्दौसी-बरेली रेलवे ट्रैक पर करेंगी रेलवे स्टेशन के पास नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि मजदूर का ममेरा भाई भी उसके साथ मौजूद था। मजदूर ने हिम्मत दिखाई और रेलवे स्टेशन के पास सरसों के खेत के पास पहुंच अचेत हो गया और रात भर खेत में पड़ा रहा। साथी युवक अगले दिन मौके पर पहुंचा और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। मजदूर जनपद सोनभद्र का निवासी है।

जनपद सोनभद्र के थाना राबर्डस गंज के गांव परसाई निवासी राजू पुत्र कैलाश अपने ममेरे भाई वीरेंद्र पुत्र रामगति के साथ चन्दौसी अपनी रिश्तेदारी में आया था। दोनों सोनभद्र में मजदूरी का कार्य करते हैं। दोनों भाई गुरुवार की रात आठ बजे सद्भावना एक्सप्रेस से बनारस के लिए रवाना हुए। क्योंकि उन्हें बनारस से दूसरी ट्रेन से सोनभद्र जाना था। दोनों भाई सद्भावना एक्सप्रेस की लोकल बोगी में चढ़ गए और भीड़ अधिक होने के कारण वह गेट के पास खड़े हो गए। बरेली-चन्दौसी रेलवे ट्रैक के बीच करेंगी रेलवे स्टेशन के पास अचानक राजू का हाथ डाले से फिसल गया और वह चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा। ट्रेन से युवक के गिरने से शोर-शराबा होने लगा। राजू के गिरने से उसका ममेरा भाई परेशान होने लगा। वह चनहेटी रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन रुकी तो उतर गया और अगले दिन शुक्रवार की सुबह करेंगी रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। उसने आसपास खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरु की। शाम चार बजे राजू सरसों के खेत में पड़ा मिला। वीरेंद्र अपने फुफेरे भाई राजू को घायलावस्था में बरेली-दिल्ली पैसेंजर से चन्दौसी लाया और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।



उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

**हादसा**

▸▸ जनरल बोगी में भीड़ अधिक होने पर डाले से छूट गया था हाथ

▸▸ मजदूर के ममेरे भाई ने उपचार के लिए सीएचसी में कराया भर्ती

### घर में अलाव से हाथ सेंक रहा युवक जला

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में घर में अलाव से हाथ सेंक रहे युवक के कपड़ों ने आग पकड़ ली जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव अशोक नगर निवासी युवक नरेश पाल पुत्र राजपाल शुक्रवार की शाम साढ़े छह बजे अपने घर पहुंचा और पुराने कागज व अन्य कूड़े को जलाकर घर में हाथ सेंक रहा था। तभी अचानक युवक के कपड़ों ने आग पकड़ ली। परिजनों ने बमुश्किल युवक के कपड़ों की आग को बुझाया। । युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि आग से युवक 40 प्रतिशत झुलस गया है।

# हैंडीक्राफ्ट कारोबारी ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन में हैंडीक्राफ्ट कारोबारी ने कारखाने में रस्सी के फंदे पर लटककर संदिग्ध परिस्थितियों में जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कारखाने का ताला खोलकर फंदे पर लटक रहे हैंडीक्राफ्ट कारोबारी का शव नीचे उतारा।

सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना निवासी वसीम व नाजिर दोनों भाई हैंडीक्राफ्ट का कारखाना चलाते हैं। शुक्रवार को जुम्मा होने की वजह से कारखाना बंद था। नाजिर दस बजे कारखाने में पहुंचा और संदिग्ध परिस्थितियों में कारखाने की छत में लगे लोहे के गार्डर से रस्सी बांधकर फंदे पर लटक गया। बारह बजे मुहल्ला के लोगों ने दीवार से कारखाने के अंदर देखा तो नाजिर फंदे पर लटका हुआ था। जिससे मुहल्ला के लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। नाजिर के फंदे पर लटके होने की सूचना मिलने पर परिजन रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कारखाने का ताला खोला और अंदर पहुंचकर पुलिस ने फंदा खोलकर नाजिर के शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। नाजिर अपने पिता नाजिम की बीमारी के चलते दिमागी रूप से परेशान रहता था।

**आत्महत्या**

▸▸ कारखाने में रस्सी के फंदे से लटका मिला नाजिर का शव

# बदमाशों ने वाहन चालक से लूटी 1.19 लाख की नगदी

संवाददाता, बहजोई

▸▸ अमरोहा के सैदनगली से भुगतान लेकर लौट रहा था चालक

अमृत विचार : अमरोहा जनपद के सैदनगली से आटे का भुगतान लेकर वापस लौट रहे टाटा 407 के चालक से सवारी बनकर सवार हुए बदमाशों ने बहजोई थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े 1 लाख 19 हजार नगदी लूट ली। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया।

बहजोई के मोहल्ला कुरेशियान निवासी महबूब हसन की टाटा 407 गाड़ी बहजोई की एक राइस मिल में लगी है। गाड़ी टाटा 407 का चालक बहजोई के मोहल्ला यादव कॉलोनी निवासी कौशल गाड़ी में आटा भरकर राइस मिल से अमरोहा जनपद के सैदनगली गया था। जहां पर आटा व्यापारियों के यहां उतारकर वह आटे का भुगतान लेकर बहजोई की तरफ चल दिया। संभल चौधरी सराय चौराहे पर दो लोग बहजोई जाने की बात कहकर गाड़ी में बैठ गए। जब चालक गाड़ी लेकर कौशल बहजोई के गांव किसौली के निकट पहुंचा तो बदमाशों ने गाड़ी जंगल में रुकवा ली। इतने में ही बदमाशों का तीसरा साथी बाइक लेकर आ गया। बदमाशों ने चालक कौशल को पकड़ लिया। डराते धमकाते हुए गाड़ी में रखी 1लाख19 हजार की नगदी लूटकर फरार हो गए। जाते समय चालक को चीखने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को लगी तो पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाल सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ बदमाशों की तलाश में जंगलों में कांबिंग की, लेकिन बदमाश फरार होने में सफल हो गए। गाड़ी मालिक महबूब हसन ने अज्ञात बदमाशों के कोतवाली में बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दूसरे समुदाय की किशोरी से छेड़छाड़, गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक ने रास्ते में जा रही किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। किशोरी ने शोर मचाया तो युवक धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय किशोरी शुक्रवार की शाम छह बजे अपने घर से मुहल्ला में स्थित दूसरे मकान पर जा रही थी। रास्ते में खड़े मुहल्ला के ही सुहैल ने किशोरी को रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी ने छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने का विरोध करते हुए शोर मचा दिया। शोर को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो सुहैल किशोरी को धमकी देते हुए भाग गया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को सारी बात बताई। परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सुहैल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जय भीम, जय भारत का नारा लगाने पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार : थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली के सरदार सिंह इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाषण के दौरान जय भीम जय भारत का नारा लगाना एक छात्र को भारी पड़ गया। नारे से क्षुब्ध होकर दो छात्रों ने कालेज के बाद छात्र से गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। ग्रामीणों ने छात्र के साथ कस्बा चौकी पहुंच कर विरोध किया। हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने छात्र की तहरीर के आधार पर दो छात्रों के खिलाफ आईपीसी की संगीन धाराओं समेत एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष से भी तहरीर दी गई है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

26 जनवरी की सुबह नरौली के सरदार सिंह इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र और शिक्षकों ने भाषण दिए। इसी बीच इंटर के छात्र विकास गौतम पुत्र देवकीनंदन निवासी गांव सराय सिकंदर ने भी भाषण दिया। छात्र विकास ने जय भीम, जय भारत का नारा लगाते हुए अपने भाषण का समापन किया। भाषण के दौरान जय भीम जय भारत का नारा लगाना दो छात्रों को अच्छा नहीं लगा। आरोप है कि कार्यक्रम समापन के उपरांत दोपहर करीब एक बजे जब छात्र विकास गौतम कालेज से बाहर आया तो दोनों छात्रों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। कुछ देर के लिए कालेज के बाहर अफरातफरी का माहौल हो गया। पता लगने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और छात्र को लेकर कस्बा चौकी पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने विकास गौतम की तहरीर के आधार पर अजय कुमार व राजकुमार निवासी नामालूम के खिलाफ गाली-गलौच, मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत एसटीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार हैं। शनिवार को आरोपी छात्र अजय कुमार की ओर से भी तहरीर दी गई है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।



शिकायत करता पीड़ित छात्र।

> इस मामले में पीड़ित छात्र की तहरीर के आधार पर दो युवकों को नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे हैं। दबिश जारी है। दूसरे पक्ष से दी गई तहरीर पर जांच की जा रही है।
>
> –मोहित कुमार काजला, प्रभारी, थाना बनियाठेर।

26 JANUARY REPUBLIC DAY

# नगर पंचायत नौगावां सादात

राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी
अमरोहा

सुरेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी
अमरोहा

**नगर पंचायत आपसे निम्न अपेक्षाएं करती है -**

▸ स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ दैनिक प्रयोग में पॉलिथीन दूर हटाएं, पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं ▸ निकाय की भूमि/सड़क/नाला-नाली/फुटपाथ इत्यादि पर अतिक्रमण न करें ▸ जल ही जीवन है इसका दुरुपयोग न करें, ▸ जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण समय से करायें, ▸ कूड़ा सड़क पर न डालें, कूड़ेदान का प्रयोग करें, ▸ गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग अलग रखें, ▸ जल मूल्य समय से जमा करें, ▸ नगर के सौंदर्यकरण एवं विकास में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु लगी लाइटों को जलाने व बुझाने में सहयोग करें।

समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शुबिना जैदी
अध्यक्ष, नगर पंचायत नौगावां सादात

नदीम अब्बास जैदी
स्वच्छता प्रेरक
नगर पंचायत नौगावां सादात

डॉ. बृजेश कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नौगावां सादात

**समस्त सभासद व कर्मचारीगण नगर पंचायत नौगावां सादात**



समस्त नगर पालिका क्षेत्रवासियों व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# नगर पालिका परिषद, अमरोहा

ए. के. सिंह
नगर विकास मंत्री,
उ.प्र.सरकार

राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी
अमरोहा

सुरेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी
अमरोहा

अतुल जैन
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

एफ.एस.टी. प्लांट का निर्माण
शानदार नगरीय पथ प्रकाश व्यवस्था
अमरोहा जोया मार्ग पर बना अहिंसा पथ।

**नगर पालिका परिषद क्षेत्रवासियों से निम्न अपेक्षाएं करती है -**

▸ स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ दैनिक प्रयोग में पॉलिथीन दूर हटाएं, पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं ▸ निकाय की भूमि/सड़क/नाला-नाली/फुटपाथ इत्यादि पर अतिक्रमण न करें ▸ जल ही जीवन है इसका दुरुपयोग न करें, ▸ जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण समय से करायें, ▸ कूड़ा सड़क पर न डालें, कूड़ेदान का प्रयोग करें, ▸ गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग अलग रखें, ▸ जल मूल्य समय से जमा करें, ▸ नगर के सौंदर्यकरण एवं विकास में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु लगी लाइटों को जलाने व बुझाने में सहयोग करें।

शशि जैन
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

डॉ. बृजेश कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

**समस्त सभासद व कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद, अमरोहा**



धर्मवीर सिंह मैमोरियल ग्रुप ऑफ कॉलेज
धर्मवीर सिंह राजपूत मैमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी
धर्मवीर सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज
राष्ट्रीय पर्व अमृत महोत्सव गणतंत्र दिवस 2024 की छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डाइरेक्टर गौरव चौहान
कोर्स
प्रबन्धक महेन्द्र सिंह
डी. फार्मेसी (Approved by PCI New Delhi, AICTE, BTE Lucknow) शैक्षिक योग्यता - 12वीं मैथ/बायो ग्रुप
बी.ए. (समस्त विषय) | बी.एस-सी. (मैथ एवं बायो ग्रुप) | बी.कॉम.
एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, गृह विज्ञान, भूगोल, शिक्षा शास्त्र) | एम.एस-सी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान)
व्यक्तिगत पाठ्यक्रम - बी.ए., बी.कॉम., एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गणित)
सुल्तानपुर दोस्त चौराहा (उस्मानपुर), ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)
Mob.: 9627094353, 6398777718, 9410283114, 9759712425



सभी सहसपुर नगरवासियों, ग्राम वासियों व भारत देशवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद
Happy Republic Day 26th January
मो. आदिल
ग्राम प्रधान, सहसपुर देहात



श्री रामगोपाल सिंह महाविद्यालय
श्री रामकृष्ण सिंह आई.टी.आई.
श्री रामगोपाल सिंह इण्टर कॉलेज
सुल्तानपुर दोस्त (मुरादाबाद)
की ओर से सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों-अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस-2024 की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज सिंह
प्रबंधक
9410416898, 7900926321
रामकृष्ण सिंह
डायरेक्टर
9756019548



आप सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों छात्र-छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इण्टर में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं, अपने बेहतर भविष्य के लिए आज ही प्रवेश लें
स्थापित वर्ष-2013
कॉलेज कोड-662
# कृष्णा महाविद्यालय
पी.जी. कॉलेज
सम्बद्ध : एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
निकट होलिका मन्दिर, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) उ.प्र.
प्रवेश प्रारम्भ-सत्र 2023-24 पाठ्यक्रम
बी.ए. सभी विषय | एम.ए. सभी विषय | बी.एस.सी. सभी विषय | एम.एस.सी. सभी विषय
बी.कॉम. सभी विषय | एम.कॉम. | डी.एल.एड. (BTC) सभी विषय | एल.एल.बी. (3 Year)
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अतिशीघ्र कॉलेज में सम्पर्क करें। - प्राचार्य
9927453914, 8126975163, 9412391347



हर घर शिक्षा ! घर-घर रोजगार !
हर घर तिरंगा
समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, ठाकुरद्वारा
सरोज एकेडमी ऑफ इंटेलिजेंस, ठाकुरद्वारा
रामसिंह सेंटर, ठाकुरद्वारा
अनिरुद्ध चौहान



26 जनवरी 2024, 75 वें गणतन्त्र दिवस की पावन एवं गरिमामयी बेला पर
पशुपति एक्रिलॉन लि०
द्वारा
समस्त देशवासियों का
हार्दिक अभिनन्दन
एवं शुभकामनायें
ACRYLON- THE BEST THING NEXT TO YOUR SKIN
PASUPATI ACRYLON LTD.
KASHIPUR ROAD, THAKURDWARA - 244601, MORADABAD (U.P.)


# त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि०

## शुगर यूनिट – रानी नांगल

मिल क्षेत्र के सभी किसान भाइयों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

सभी किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि शरदकालीन गन्ना बुवाई में स्वीकृत गन्ना प्रजातियों जैसेः- को.0118, को. 098014, को. जा. 85, को. 15023 के बीज की भारी कमी है। अतः आप अभी से बीज सुरक्षित करा लें एवं खड़े गन्ने की हरी पत्तियों न उतारें, इससे गन्ने की पैदावार में कमी आती है।

वर्तमान में गन्ना रकबा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। आप सभी अपना गन्ना रकबा ठीक प्रकार से जाँच-पड़ताल कर सही करा लें। सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि आगामी शरदकालीन गन्ना बुवाई मे उक्त प्रजातियों की बुवाई करें क्योंकि को.- 0238 प्रजाति में लाल सड़न बीमारी आ गई है। गन्ने की फसल में लाल सड़न की रोकथाम के लिए लाल सड़न से ग्रसित गन्ने के मूड को उखाड़कर उस जगह 5-10 ग्राम ब्लीचिंग पाउडर डालकर मिटटी बराबर कर दें तथा 4 किग्रा ट्राइकोडर्मा / एकड़ सड़ी गोबर की खाद मे मिलाकर खेत में छिड़क दें तथा 400 ग्राम/एकड हेक्सा स्टॉप का 200 ली० पानी मे मिलाकर पर्णीय छिड़काव करें। गन्ने की अधिक पैदावार के लिए गन्ने की बुवाई 4 फीट की दूरी पर ट्रेंच विधि के द्वारा ही करें। गन्ने को गिरने से बचाने के लिए गन्ने की बंधाई अवश्य करें तथा गन्ने की आधुनिक खेती करने में छोटे ट्रैक्टर का प्रयोग कर मजदूरों की समस्या से निजात पायें।

सहयोग के लिए धन्यवाद।

सधन्यवाद
वी. वेंकटरथनम
उपाध्यक्ष

समस्त नगरवासियों एवं जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर पंचायत बढापुर, जनपद बिजनौर

### स्वच्छ भारत मिशन
### स्वच्छ सर्वेक्षण -2024

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

26 जनवरी 2024 गणतत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत समस्त सम्भ्रात, नगर वासियों से नगर पंचायत बढापुर अपील करती है कि

1. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें । तथा नल की टोटी खुली न छोड़े ।
2. जलमूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
3. अपने घरो का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें ।
4. सड़को पर कूड़ा व गन्दगी न करें।
5. नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डाले ।
6. नगा को स्वच्छ व साफ - सुथरा बनाने में नगर पालिका का सहयोग करे ।
7. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।
8. जन्म - मृत्यु का पुजीकरण पालिका कार्यलय में समय से करवायें ।
9.अपने घरो व आस -पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियों फैलने की सम्भावना होती है।
10. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें ।

गणतंत्र दिवस 26 January

**संदीप कुमार सक्सेना**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढापुर

**समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण**
नगर पंचायत बढापुर, जनपद - बिजनौर

**मौ. दिलशाद**
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढापुर

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक बधाई

आइये इस अवसर पर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संकल्प लें।

-: नागरिकों से अपील :-

1. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।
2. घर अथवा दुकान से जनित (जनरेट) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र करें।
3. नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को किसी भी दशा में नाले / नाली, सड़क अथवा खुले स्थान में न फेंके और न ही जलाए। कूड़ा खुले में फेंकने से ही सड़क के साथ मौहल्ला गंदा होता है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
4. शौच हेतु व्यक्गित अथवा सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करें, खुले में शौच कदापि न जाये ।
5. पेयजल को व्यर्थ ही बरबाद न करें।
6. पालिका के करों एवं अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
7. पालीथीन का प्रयोग पूर्णत : प्रतिबंधित है कृपया नगर को पालीथीन मुक्त रखें।
8. जन्म-मृत्यु का रजिस्ट्रेशन समय से अवश्य कराये।
9. रोड पटरियों, नालियों, पालिका सम्पत्ति व सड़क पर अतिक्रमण न करें।
10. वृक्षों का संरक्षण करें व अधिक से अधिक वृक्ष लगाये, पर्यावरण बचाएं।

26 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कम्पोस्ट अपनाओ, नर्सरी को और भी महकाओं।
कम्पोस्ट बनाओ, देश व नगर को स्वच्छ बनाओ।

'हमारा प्रयास स्वच्छ भारत स्वच्छ किरतपुर'

**मेघा गुप्ता**
अधिशासी अधिकारी

**अ० मन्नान**
अध्यक्ष

**समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण**
नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

समस्त नगरवासियों एवं जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना जिला बिजनौर

26 जनवरी 2024 गणतत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका समस्त सम्भ्रात, नगर वासियों से नगर पालिका परिषद नगीना अपील करती है कि

1. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें । तथा नल की टोटी खुली न छोड़े ।
2. जलमूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
3. अपने घरो का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें ।
4. सड़को पर कूड़ा व गन्दगी न करें।
5. नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डाले ।
6. नगा को स्वच्छ व साफ - सुथरा बनाने में नगर पालिका का सहयोग करे ।
7. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।
8. जन्म - मृत्यु का पुजीकरण पालिका कार्यलय में समय से करवायें ।
9.अपने घरो व आस -पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियों फैलने की सम्भावना होती है।
10. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें ।

गणतंत्र दिवस 26 January

**संदीप कुमार सक्सेना**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नगीना

**समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण**
नगर पालिका परिषद नगीना

**ताहिरा बेगम**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नगीना

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**आशीष सिंह**
अपर मुख्य अधिकारी



**डा. अनामिका यादव**
अध्यक्ष, जिला पंचायत

निवेदक : जिला पंचायत कार्यालय, बहजोई (संभल)



**मोहित फोजदार**
मंडी सचिव


सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें

निवेदक : कृषि उत्पादन मंडी समिति, बहजोई (सम्भल)

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**रामबाबू**
सचिव



**चन्द्रपाल शर्मा**
ग्राम प्रधान

निवेदक : ग्राम पंचायत रम्पुरा, बहजोई

सभी जनपद वासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनायें

**अनिल कुमार**
सचिव


**सत्यवती**
ग्राम प्रधान

निवेदक : ग्राम पंचायत चाटन, बहजोई

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**आकाश कुमार**
सचिव



**कुसुमपाल सिंह**
ग्राम प्रधान

निवेदक : ग्राम पंचायत मैथरा आलपुर, बहजोई

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**रमेश कुमार**
सचिव



**राकेश राणा**
ग्राम प्रधान

निवेदक : ग्राम पंचायत मैथरा आलपुर, बहजोई



**मनीष बंसल**
जिलाधिकारी सम्भल



**डा0 तरन्नुम रज़ा**
सीएमओ, सम्भल

सभी जनपद वासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनायें


निवेदक : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय (संभल)

# दि ताज होटल

की ओर से सभी नगरवासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनायें



**अकरम कुरैशी**

पताः चन्दौसी रोड, बहजोई


सभी क्षेत्रवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
पेम सिंह सैनी


रमेश सैनी
प्रधानपति आदमपुर
विदित यादव
सचिव
सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
1 गांव को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
2 शौचालयों का प्रयोग करें।
3. रास्तों पर गन्दा पानी जमा न होने दे।


सभी क्षेत्रवासियों
को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
आशा देवी
ग्राम प्रधान वरखेड़ा राजपूत
बदलू राम
ग्राम प्रधान पति
निवेदक:- समस्त ग्रामवासी ग्राम वरखेड़ा राजपूत


RAM KUNWAR SINGH MEMORIAL ACADEMY
English Medium
(Based on N.C.E.R.T. Curriculum)
Happy Republic Day
Makhdoompur Road, Khera-Apraula, Distt. Amroha (U.P.)
Cont.: 9917865843, 9719173782


क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों
एवं प्रधानों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रतिभा अग्रवाल
बीडीओ, जोया



ग्राम पंचायत सिबौरा
की ओर सभी
ग्राम वासियों व
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी
पारुल सिसोदिया
डी पी आर ओ
ओमकार सिंह पवार
ग्राम प्रधान सिबौरा
बिजेंद्र कुमार त्यागी
ग्राम विकास अधिकारी
अपील
1 गांव को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
2 शौचालयों का प्रयोग करे।
3. रास्तों पर गन्दा पानी जमा न होने दे।
4. कूड़ा कूड़ेदान मे ही जमा करें।


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
जियाउल हक
ग्राम प्रधान ढकिया


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
एजाजुल हसन वारसी
समाजसेवी डिडौली
मो.98378 97814


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
कल्लू चौधरी
प्रॉपर्टीज डीलर एवं समाजसेवी
ग्राम प्रधान पद के भाभी प्रत्याशी ग्राम डिडौली अमरोहा


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
देवराज सिंह यादव
डायरेक्टर
फौजी कोल्ड स्टोर जोया रोड हरियाना, जिला अमरोहा


गणतंत्र 26 JANUARY दिवस
STONEMEN
STONEMEN CRAFTS INDIA PVT. LIMITED
WISHES YOU A
26 January Republic Day
Factory: Nili Kheri, Moradabad-Delhi Expressway, Near Sagar Ratna Restaurant, Amroha-244221.
Head Off: A-24-25, EPIP, UPSIDC Industrial Area, Shastripuram, Sikandra, Agra-282007. www.stonemencrafts.com


भारतीय किसान यूनियन (भानु)
ठाकुर भानू प्रताप सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन भानु
योगेश प्रताप सिंह
भारतीय किसान यूनियन भानु
प्रदेश अध्यक्ष
ठाकुर पोपाल सिंह
सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं
सरदार शर्म सिंह
राष्ट्रीय महासचिव
भारतीय किसान यूनियन भानु
जितेन्द्र कुमार गुर्जर
जिला अध्यक्ष अमरोहा
भारतीय किसान यूनियन (भानु
सोमपाल सिंह सैनी
जिला अध्यक्ष
अमरोहा व्यापार मोर्चा
भारतीय किसान यूनियन (भानु)
होतेराम सिंह
पूर्व प्रधान पुरनपुर
भारतीय किसान यूनियन भानु जिला अध्यक्ष
ट्रैक्टर मोर्चा अमरोहा
अजय सिंह चौहान
सौरभ कुमार चौधरी

## एक नजर

### विवाद में गोली मारकर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** संभल कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पहले हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। शहर के मोहल्ला आलम सराय निवासी अजय कुमार का मोहल्ले के ही चमन व अन्य लोगों से एक सप्ताह पहले विवाद हो गया था। अजय कुमार का आरोप है कि शनिवार रात को चमन कुछ और लोगों के साथ उसके पास आ धमके। पहले मारपीट कर उसका दांत तोड़ दिया। उसके बाद गोली मार दी। गोली लगने से घायल अजय कुमार को देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गणतंत्र दिवस पर हर्ष फायरिंग, निदेशक घायल

**देहरादून, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान गार्ड सुभाष ने हर्ष फायरिंग कर दी। गार्ड के ठीक सामने खड़े शुगर मिल के अधिशासी निदेशक पेट में छर्रे लगने से घायल हो गए। निदेशक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि आरोपी गार्ड के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# मां और बेटे की धारदार हथियार से हत्या

## बेटी का रिश्ता तोड़ने से नाराज मीरगंज के युवक पर शक जताते हुए लिखाई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मीना व नेत्रपाल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** इज्जतनगर इलाके में नर्सरी चलाने वाले भूपराम की 45 वर्षीय पत्नी मीना और 22 वर्षीय बेटे नेत्रपाल की शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे धारदार और वजनी औजारों के वार कर हत्या कर दी गई। घने कोहरे में हत्यारे कब आए और कब वारदात कर निकल गए, किसी को पता नहीं चला। भूपराम ने मीरगंज के गांव मसीहाबाद निवासी संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि संजीव के साथ भूपराम ने बेटी का रिश्ता तय किया था, लेकिन चालचलन खराब होने के कारण तोड़ दिया। इसके बाद से संजीव लगातार धमकियां दे रहा था।

डोहरा गौंटिया में रहने वाले भूपराम बड़ा बाईपास पर लालपुर गांव के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाते हैं जहां पास ही में उन्होंने एक कमरा ले रखा था जिसमें रात को पत्नी मीना के साथ रुकते थे। बेटा नेत्रपाल शाम को नर्सरी से घर चला जाता था। भूपराम के मुताबिक शुक्रवार शाम वह एक व्यक्ति के यहां पौध लगाने गए हुए थे। इसी बीच करीब साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। कुछ देर बाद नजदीक ही पंक्चर जोड़ने की दुकान चलाने वाले अबरार इधर से गुजरे तो नर्सरी के बराबर रास्ते पर नेत्रपाल का लहूलुहान शव पड़ा देखकर भूपराम को फोन किया।

बाद में मीना का शव भी पास ही एक प्लॉट में पड़ा मिला। दोनों के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद रात में ही आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, मौके पर पहुंच गए।

भूपराम ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मसीहाबाद के संजीव के साथ बड़ी बेटी का रिश्ता तय किया था। बाद में पता चला कि उसका चालचलन ठीक नही है तो रिश्ता तोड़ दिया। दोनों पक्षों में कुछ दिन पहले समझौता भी हो गया था लेकिन फिर भी संजीव उनके परिवार को धमकियां दे रहा था। पुलिस ने भूपराम की ओर से संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### स्लो प्वाइजन देने के शक में मां की हत्या

**देहरादून, अमृत विचार :** बेटे को अल्सर की बीमारी है। उसने इस बीमारी का कारण इंटरनेट पर सर्च किया तो जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। इंटरनेट से मिले आधे अधूरे ज्ञान का यह सनसनीखेज अंजाम हुआ कि शुक्रवार देर रात बेटे ने इस बात पर हुई बहस के बाद मां की गला दबाकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष प्रेम नगर के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6 :25 बजे सूचना मिली कि स्पेशल विंग प्रेम नगर निवासी माधो सिंह पुत्र दिलीप सिंह मूल निवासी ग्राम कलाल, चम्पावत के छोटे पुत्र अजय ने अपनी माता चंद्रा देवी (52) की गला घोटकर हत्या कर दी है। पुलिस के मौका मुआयना के दौरान चंद्रा देवी का शव घर के अन्दर पड़ा मिला। मौके से गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अजय (24) ने पूछताछ में बताया कि उसे अल्सरेटिव कोलाइटिस (अल्सर) की बीमारी है, जिसके बारे में उसके द्वारा इंटरनेट पर सर्च किया तो उसे जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। जिस पर उसे शक हुआ कि उसकी मां उसे खाने में स्लो प्वाइजन दे रही है, इसी बात को लेकर बीती शुक्रवार रात 10-11 बजे के बीच उसकी अपनी मां से बहस हुई तथा बहस के दौरान ही उसने गुस्से में आकर अपनी मां का गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

## पीडीए जन पंचायत में लोगों को जोड़ने का आह्वान

**बहजोई, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए जन यात्रा के बारे में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने जानकारी देकर लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक तथा अगड़ी जाति के उपेक्षित लोगों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में हो रही धर्म और जाति की राजनीति को जवाब देने का काम किया जा रहा है। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि आज देश के हालात किसी से छुपे नहीं है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव, लड्डन मियां आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने बड़े भाई मुकेश कुमार व उनके बड़े बेटे आकाश कुमार व उनके परिवार से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं है।

सुरेंद्र कुमार पुत्र रमेश सिंह
ग्राम सुल्तानपुर दोस्त
ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

### नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम इमरान जफर था। मेरा सही तथा वास्तविक नाम इमरान है। भविष्य में मुझे इमरान के नाम से जाना व पहचाना जाये।

इमरान पुत्र जफर खां
निवासी मौ. सतूने संग
तह. सदर जिला रामपुर।

### फरारी की उद्घोषणा

तारिक पेशी- 26.02.2024
अपराध संख्या- 198/23
थाना हजरत नगर गढ़ी (जिला संभल)
**धारा 406, 420, 467, 468, 471, 411, 34**

भारतीय द. वि. में अभियुक्त अशागीर उर्फ आशागीर पुत्र मोहम्मद फुरकान निवासी ग्राम फत्तेहपुर माफी उर्फ टिकिया फत्तेहपुर थाना डिडोली जिला अमरोहा को सिविल जज (सी.डी.) अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदौसी, जिला संभल द्वारा दि. 25.01.2024 को फरार घोषित किया गया है। अगर किसी को सूचना मिले तो वह थाना प्रभारी हजरत नगर गढ़ी के सी.यू. जी. नम्बर 9454404058 पर सूचना दे सकता है।

### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वश्री- 01. श्री त्रिलोकी सिंह पुत्र श्री छज्जू सिंह, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, 02. श्री दिनेश कुमार चौहान पुत्र श्री चौखे सिंह, भूतपूर्व प्रबन्धक, 03. श्री भीम सिंह पुत्र श्री शेर सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 04. श्री ब्रजेश कुमार पुत्र श्री हरकेश सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 05. श्री रामराज सिंह पुत्र श्री आनन्द सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 06. श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री हीरा सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 07. श्री धर्मवीर सिंह पुत्र श्री बुद्धू सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 08. डा0 विजेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 09. श्री ओमराज सिंह पुत्र श्री होरी सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 10. श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा, भूतपूर्व सदस्य, 11. श्री चरन सिंह पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 12. श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री घासी सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 13. श्री हरि सिंह पुत्र श्री झबरे सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 14. मा० रामकुमार सिंह पुत्र श्री हरवंश सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 15. श्री धन सिंह पुत्र श्री मुरारी सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 16. श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 17. श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री गनेश सिंह, भूतपूर्व अध्यक्ष, 18. श्री घासीराम पुत्र श्री मख्खन सिंह, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, 19. श्री निपेन्द्र सिंह पुत्र श्री छज्जू सिंह, भूतपूर्व मंत्री, 20. श्री रामौतार सिंह पुत्र श्री छज्जू सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 21. श्री सुनील कुमार विश्नोई पुत्र श्री घनश्याम सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 22. श्री राकेश कुमार पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 23. श्री ईश्वरदयाल पुत्र श्री तेजपाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, 24. श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री घासी सिंह भूतपूर्व सदस्य 25. श्री महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री मक्खन सिंह भूतपूर्व सदस्य, को सूचित करना है कि संस्था शिव मन्दिर प्रबन्ध समित, ग्राम रामूवाला शेखू तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद का नवीनीकरण किये जाने हेतु श्री बलराम सिंह चौहान स्वयं को उक्त संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2022 2023 एवं 2023-2024 / प्रपत्रों में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो०रजि०एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा0 रजि०अधि0 18690 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
सहायक निबन्धक
(आनन्द विक्रम सिंह)

## जीसीसी ने संभल को 54 रन से हरा दिया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** टी-20 मेमोरियल आमंत्रम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गांव कैथल में किया जा रहा है। शनिवार को चन्दौसी जीसीसी व संभल के बीच मैच खेला गया। शानदार मुकाबले में जीसीसी ने संभल को 54 रनों से रौंद कर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंकुर ठाकुर को दिया गया।

शुक्रवार को टॉस जीतकर संभल ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जीसीसी के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 175 रन बनाए। जिसमें चंद्र गुप्त मौर्य ने सर्वाधिक 26, लुकमान ने 24 रन का योगदान टीम को दिया। संभल की गेंदबाज इस्लाम व मिराज ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संभल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम 121 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। रविवार को ब्लैक पैंथर व ब्लैक हंटर के बीच मैच खेला जाएगा।

# गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखें युवा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अब्बासी वेलफेयर हेल्थ एंड एजुकेशनल सोसाइटी की और संगठन के सफलतापूर्वक दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सोसाइटी अध्यक्ष अजीम अब्बासी व संचालन मशहूर शायर शफीकुर्रहमान बरकाती ने किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर उमेश चन्द्र सक्सेना ने कहा कि देश में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे के त्योहार मनाते हैं। यही हमारे देश की गंगा जमुनी तहजीब है। क्योंकि कोई भी धर्म किसी भी दूसरे धर्म को बुरा कहने की इजाजत नहीं देता। सदर कोतवाली एसआई विनोद कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर बिना सोचे समझे कोई ऐसा मैसेज या संदेश फॉरवर्ड नहीं करना चाहिए जिसकी वजह से हम किसी परेशानी में फंसें। सोसायटी के अध्यक्ष अजीम अब्बासी ने सोसाइटी के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष जताया और कहा कि आप सभी के सहयोग और प्यार से अभी तक हमने एक दशक का सफर पूरा किया है। कार्यक्रम में डा. रशीक अनवर, डॉ. तनवीर हैदर, डॉ. शकील अहमद, आसिफ रजा, हकीम बुरहान,सईद अख्तर इसराइली, शाह आलम रौनक, फरमान हुसैन अब्बासी, शाजिया खान के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**

- अब्बासी सोसाइटी ने किया दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन
- शिक्षा व चिकित्सा जगत से जुड़ी शहर की प्रमुख हस्तियां व पत्रकार रहे उपस्थित

## क्रिकेट टूर्नामेंट में शिवाजी टीम ने जीता सेमीफाइनल

**बबराला, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के मौके पर डिग्री कॉलेज के खेल मैदान पर व्यापारियों की तीन टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने फीता काट कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

टूर्नामेंट में विवेकानंद टीम के कप्तान निशांत गुप्ता ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी कराई। टीम ने निर्धारित दस ओवर में 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दयानंद टीम ने 63 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। शिवाजी और दयानंद टीमों के बीच हुए मैत्री क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें दयानंद टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। विवेकानंद और शिवाजी टीम के बीच हुए सेमीफाइनल में शिवाजी टीम विजेता रही। चेयरमैन ने विजेता व उप विजेता टीम के कप्तानों को पुरस्कृत किया। हर्षित वार्ष्णेय ने अपनी ओवरआल विजेता टीम का उत्सावर्धन किया।

# एसपी ने शिकायतें सुनीं, चौकीदारों को बांटे कंबल

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** थाना रजपुरा में लगे थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने शिकायतें सुनी और अधीनस्थों को समाधान कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों को कंबल भी बांटे।

शनिवार को थाना में लगे थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में पांच शिकायतें आईं। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों को शिकायतों का समाधान कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों के साथ बैठक कर उन्हें कंबल भी वितरित किए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमृत लाल, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा, अजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, पवन कुमार, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।


कंबल वितरण के बाद ग्राम चौकीदारों के साथ एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।




































## खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम बोले अनुराग, कहा- खेलों में भी उप्र होगा सबसे आगे

# दंगों से नहीं, अब दंगल से पहचाना जाता है उप्र: अनुराग ठाकुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश का नाम दंगों के लिए आता था, अब यहां दंगल होते हैं। पहले सड़कों पर गोलियां चलती थीं, लेकिन अब हमारे शूटर ओलंपिक में पदक पर निशाना साधते हैं।

वे शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री ठाकुर ने खिलाड़ियों से कहा कि आपके उड़ान से देश का मान सम्मान बढ़ा है। वह दिन दूर नहीं जब खेलों में भी उप्र देश में सबसे आगे होगा। कहा कि 2014 से पहले देश के अखबारों में अगर हेडलाइन बनती थी तो घोटालों की, अब कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा नहीं होती, मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का नाम छपता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि लगभग एक दशक में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ने जहां खेलों का बजट तीन गुना बढ़ाया है तो वहीं उप्र में भी खेलों को प्रोत्साहन मिला है। आज खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं मिल रही हैं कि उन्हें अपने खर्चे पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस पर ध्यान देना होता है। यही वजह है कि एशियन गेम्स में खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। पैराएशियन खिलाड़ियों ने इस आंकड़े को भी पार कर लिया। जितना आप सबने किया, उससे बढ़-चढ़कर सरकारों ने प्रोत्साहन दिया।



शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक विजेता पारूल चौधरी को डिप्टी एसपी का नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री। साथ में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, खेल युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, खेल सचिव सुहास एलवाई एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार

● **कांस्य पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 75 लाख- किरन बालियान, सीमा पूनिया, गुलवीर सिंह, अर्जुन सिंह, अहबाद अली और खुशबू। ● **रजत पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 1.5 करोड़-अजय कुमार सरोज, कार्तिक कुमार, पुनीत कुमार, नीरज, नीतीश कुमार, अरविंद सिंह, प्राची और वंतिका अग्रवाल। ● **स्वर्ण पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिले 3 करोड़-पारुल चौधरी, दीप्ति शर्मा, ललित कुमार उपाध्याय, अखिल श्योराण और अर्जुन देशवाल।

### पैराएशियन गेम्स

कांस्य पदक : 75 लाख
पुष्पेंद्र सिंह व श्रेयांस त्रिवेदी।
रजत पदक : 1.5 करोड़
प्रदीप कुमार, सिमरन, जैनब खातून व सूरज सिंह।
स्वर्ण पदक : 3 करोड़
सुहास एलवाई व प्रवीण कुमार

### इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

दीप्ति शर्मा, क्रिकेट, डिप्टी एसपी, पारुल चौधरी, एथलेटिक्स, डिप्टी एसपी, अखिल श्योराण, शूटिंग, डिप्टी एसपी, अर्जुन देशवाल, डिप्टी एसपी, पुनीत कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी, प्राची, जिला युवा कल्याण अधिकारी और अर्जुन सिंह, यात्री, माल कर अधिकारी।

# अकुशल श्रमिक भी भरण-पोषण देने के लिए बाध्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज


▶▶ **हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि एक पति अपनी पत्नी को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण- पोषण देने के लिए हर स्थिति में बाध्य है। भले ही उसके पास कोई स्थायी आय का स्रोत न हो। इसके अलावा अगर वह खुद को श्रमिक भी बताता है तो भी वह अकुशल श्रमिक के रूप में न्यूनतम मजदूरी के तौर पर प्रतिदिन लगभग 350 से 400 रुपए कमा सकता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने कमल द्वारा परिवार न्यायालय अधिनियम की धारा 19(4) के तहत दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत परिवार न्यायालय, उन्नाव द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में जिला अदालत ने पति को भरण-पोषण के रूप में आवेदन की तिथि से पत्नी को 2000 रूपए प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि पति अपने भरण-पोषण के दायित्व से बच नहीं सकता है। कोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए रखरखाव बकाया का भुगतान पांच त्रैमासिक समान किश्तों में भुगतान करने का निर्देश दिया। याची के वकील ने तर्क दिया कि पति एक कारखाने में काम करके 10 हजार रुपए प्रतिमाह कमाता है जबकि पत्नी ने कोर्ट को बताया कि पति के पास कृषि भूमि है और वह अपने वेतन आदि से लगभग 50 हजार रुपए मासिक कमाता है।

## सपा विधायक के निधन पर योगी, अखिलेश ने प्रकट किया शोक

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री एवं सपा विधायक डॉ. एस.पी. यादव के निधन पर शोक प्रकट किया है। दोनों ने ही अपनी-अपनी संवेदनाओं को शोक संतप्त परिजनों के साथ जोड़ते हुए परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा से विधायक शिव प्रताप यादव का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार-शनिवार की रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।



समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शनिवार को एस.पी. यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक प्रस्ताव में शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई।

# आतंकी पन्नू के मिशन अयोध्या से परदा उठाने में जुटी एटीएस

## खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर एटीएस कर रही है पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **अयोध्या से पकड़े गए थे गैंगस्टर समेत तीन खालिस्तानी समर्थक**

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू के मिशन अयोध्या से परदा उठाने की दिशा में एटीएस जुट गई है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चार दिन पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर शुक्रवार से पूछताछ शुरू हो गई है।



एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते का पता लगाने के साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। अदालत ने तीनों खालिस्तानी समर्थको को 26 जनवरी से एक सप्ताह के लिए रिमांड पर दिया है। दरअसल, एटीएस के हत्थे चढ़ने के बाद पूछताछ में गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहाँ रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी।

एटीएस इसी बयान को आधार बनाकर खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास कर रही है कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इस मिशन में और कितने लोग जुटे हुए रहे। साथ ही पकड़े हुए इन समर्थको की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं।

एटीएस के शुरूआती तफ्तीश में फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है। एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों कहां तक है, इसका पता लगाने की भी कोशिक रही है।

## अतीक के करीबी बिल्डर नियाज गाजी पर एक और प्राथमिकी

**लखनऊ, अमृत विचार :** चौक कोतवाली में अतीक अहमद के बेहद करीबी बिल्डर नियाज गाजी व उसके साथियों पर साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम ने हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट बलवा समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल, प्राथमिकी दर्ज होने पर सभी आरोपी फरार हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत दौलतगंज निवासी साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम गुरुवार शाम अपने ग्राहक को साड़ी दिलवाने के लिए चौक सब्जी मंडी के समीप निर्मला चिकन उद्योग जा रहे थे। लिखित शिकायत में पीड़ित साड़ी कारोबारी ने बताया कि जहां पर उनके पार्टनर बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं। उनके सहयोगी बिल्डर नियाज गाजी, गुल्फाम, चालक सलीम और नौकर नायाब साथियों के संग उनके पास पहुंच गया। आरोप है कि बिल्डर अपने साथियों के संग पीड़ित से रंगदारी मांगता था।

## अपहरण मामले में अमरमणि की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 साल पुराने एक अपहरण के मामले में पूर्व सपा विधायक अमरमणि त्रिपाठी की जमानत याचिका वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दी है।

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने दस्तावेजों के बेमेल और आर्डर शीट गलत दाखिल होने के कारण बेहतर विवरण के साथ नया आवेदन दाखिल करने की शर्त पर इस आवेदन को वापस लेने की अनुमति मांगी। आवेदक की ऐसी प्रार्थना पर सरकारी अधिवक्ता ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई। अतः कोर्ट ने आवेदन को उपरोक्त स्वतंत्रता के साथ वापस लिया मानकर खारिज कर दिया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। गौरतलब है कि वर्ष 2001 को बस्ती जिले के व्यवसायी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था।

व्यवसायी का बेटा सुबह स्कूल जाते समय एक गुप्ता परिवार के घर के सामने से अपहृत कर लिया गया था। इस घटना के चश्मदीद गवाह गुप्ता परिवार के अलावा कुछ और लोग भी थे। लगभग एक सप्ताह के बाद बच्चे को विधायक के लखनऊ स्थित आवास से बरामद किया गया था।

## पत्नी को तीसरी मंजिल से फेंकने में पति गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में एक व्यक्ति ने नशे की हालत में अपनी पत्नी को मकान की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया गोविंद पुरम इलाके के कृष्णा कुंज इलाके में पार्किंग ठेकेदार के रूप में काम करने वाले विकास कुमार ने शुक्रवार रात को नशे की हालत में अपनी पत्नी शालू (30) के साथ तीखी बहस के बाद उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। महिला बुरी तरह से घायल हो गयी जिसे आरोपी जिला अस्पताल ले गया। बाद में पति अस्पताल से भाग गया।

# वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रैक पर पड़े स्लीपर से टकराई, हादसा टला

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

▶▶ **आईओडब्ल्यू निलंबित, डंपर चालक सहित दो गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे ट्रैक पर पड़े स्लीपर से वंदेभारत एक्सप्रेस टकरा गई। चालक ने बड़ी सूझबूझ से तेज रफ्तार में जा रही वंदेभारत को रोककर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सूचना पर आनन-फानन पीछे आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को रोका गया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए आईओडब्ल्यू को निलंबित कर दिया गया है। डंपर चालक सहित दो को रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

वाकया 12 बजकर 2 मिनट का है। गांव विचोलिया के सामने रेलवे ट्रैक के समीप बन रही बाउंड्रीवाल के लिए स्लीपर उतारे जा रहे थे। तभी एक स्लीपर छिटकर रेलवे लाइन पर गिया। भारी होने के चलते स्लीपर को मजदूर हटा नहीं पाए। तभी दिल्ली से कानपुर की तरफ जा रही 22416 वंदेभारत एक्सप्रेस को आता देखकर मजदूर किनारे हो गए, लेकिन ट्रेन स्लीपर से टकरा गई। वंदेभारत के चालक ने ट्रेन को रोककर स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने लोगों के सहयोग से स्लीपर को हटवाया। इसके बाद करीब 17 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। वंदेभारत एक्सप्रेस के खड़े होने से पीछे नई दिल्ली से आ रही 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को 14 नंबर गेट के पास रोक दिया गया था। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मामले में आईओडब्ल्यू को निलंबित कर जांच की जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि घटना में डंपर चालक माखन निवासी गांव बैरई थाना कालपी जिला जालौन व सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह निवासी गांव सैदपुर जिला जालौन को रेलवे एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक चारु निगम, सीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी अछल्दा भूपेंद्र राठी व इटावा जीआरपी के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# अयोध्या में 3570 करोड़ से बनेगा ग्रीनफील्ड बाईपास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **राम मंदिर में जुट रही भारी भीड़ से बदलेगी अयोध्या की तस्वीर**

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उमड़ रही भक्तों का अप्रत्याशित भीड के मद्देनजर एनएचएआई ने 68 किमी ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। यह लखनऊ, बस्ती और गोंडा की सड़कों से जुड़ेगा। इसपर 3570 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसके लिए नई दिल्ली कार्यालय से ऑनलाइन टेंडर भी आमंत्रित किया गया है। बाईपास चार लेन औक कहीं-कहीं छह लेन होगा।

अयोध्या और आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम करने के अपने प्रयास में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सक्रिय हो गया है। 3570 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 68 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसकी केंद्र से विशेष मंजूरी मिलने के साथ एनएचएआई ने बाईपास हाइवे के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। अयोध्या बाईपास परियोजना कई जिलों में आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी।

पीएम गतिशक्ति के तहत अयोध्या बाईपास परियोजना को गति दी जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में 67.57 किलोमीटर लंबी अयोध्या बाईपास परियोजना का क्रियान्वयन पीएम गतिशक्ति के तहत हो रहा है।


## वर्ग पहेली-325

**बाएं से दाएं**

2. 1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था
4. 1. मुंह
5. 1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।
7. 1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**

1. देवदार का वृक्ष।
3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।
4. 1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।
5. एक से अधिक, अनेक।
6. 1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।



### वर्ग पहेली - 324 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | ■ | ■ | 2 ब |
| ■ | ■ | ■ | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | ■ | ना |
| ■ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| 5 स | ह | च | री | ■ | 6 फ़ा |
| मि | ■ | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 ध | म | ध | म | ■ | स |

## सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | 8 | 4 | | 3 |
| | | 6 | 3 | | 2 | | | |
| 8 | | | 6 | | 1 | 9 | | |
| | | | | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | | 3 | 8 | 1 | | | 7 | |

### सुडोकू - 41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 29 जनवरी 06.10 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** — आज आपकी मन :स्थिति विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाने की योजना बनाएंगे। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों के बोझ तले दब सकते हैं।

**वृष** — आज बीती हुई नकारात्मक बातें पुन : तूल पकड़ सकती हैं। बच्चों को पेट में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। जॉब में आप काफी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी।

**मिथुन** — आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। मित्रों के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बहुत सुखद रहेगा।

**कर्क** — आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**सिंह** — आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से ज्यादा मेलजोल न रखें। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** — आज समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं। बॉस आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** — आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।

**धनु** — आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ठ रहने वाला है। समाज में आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में आपकी स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** — आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा न करें। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचें। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें। परिवार में आपके सद्‌गुणों की प्रशंसा होगी।

**मीन** — आज परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है।

## आज का पंचांग

श. 11, रा. 12, बु. शु. मं. 9, 8, सू. 10, गु. 1, 7, 4, के. 6, 2, 3, 5 चं.

मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.18-17.01 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 15.53 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**शान** सुबह : 11.39
**अनाड़ी** रात : 07.00

SONY MAX
**पानीपत** सुबह : 10.11
**पीकू** रात : 09.04

SONY PIX
**रेडी प्लेयर वन** सुबह : 09.42
**ए मैन कॉल्ड ओटो** रात : 09.00

ZEE CINEMA
**बार बार देखो** सुबह : 10.30
**ऑपरेशन रोमियो** रात : 07.30

colors CINEPLEX
**गोलमाल 3** सुबह : 09.37
**ए दिल है मुश्किल** दोपहर : 03.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर -धीरज रखिए, ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की- अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

डॉक्टर-चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बब्लू- टीचर के लिए।
डॉक्टर- पर क्यों?
बब्लू- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

# विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी


## प्रधानमंत्री ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा-वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा-एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उसके खिलाफ कार्रवाई होती थी ताकि वह गलती को न दोहराएं।

### मोदी ने युवाओं से कहा-आप विकसित भारत के वास्तुकार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी सरकार द्वारा उठाये गये कई कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उसने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक विकसित भारत के उनके सपनों को पूरा करेगा। उन्होंने यहां वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली में युवाओं से कहा-आप एक विकसित भारत के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सीमित थीं लेकिन उनकी सरकार ने तीनों सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों को उनके लिए खोल दिया है और वे हर जगह अपनी छाप छोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्रीय सुरक्षा बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है और कहा कि राज्यों को भी इसी तरह के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भारतीय सेना में पहली सूबेदार बनीं प्रीति रजक

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में पदोन्नत होने के बाद हवलदार प्रीति रजक शनिवार को सूबेदार का पदल हासिल करने वाली पहली महिला बन गईं हैं। वह एक चैंपियन ट्रैप शूटर हैं। सूबेदार रजक दिसंबर 2022 में सेना की सैन्य पुलिस कोर में शामिल हुई थी। सेना ने कहा-भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। आज ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसने कहा-सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक असाधारण प्रदर्शन है।" वह शूटिंग में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। रजक ने चीन के हांगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप में महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।




नई दिल्ली में शनिवार को लाल किले पर भारत पर्व 2024 के दौरान लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में हुई गोलीबारी एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब हथियारबंद बदमाश सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए और उन्होंने बंदूकों और बम से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सतांग गांव में अतिरिक्त बलों के पहुंचने के बाद हमलावर पीछे हट गए, जिसके बाद लड़ाई रुक गई।

### तालाब खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से 7 घायल

**जींद।** हरियाणा के जींद में तालाब की खुदाई कर रही 7 महिला मजदूर अचानक से मिट्टी ढहने की वजह से उसके नीचे दब गईं। मिट्टी के नीचे दबी महिलाओं को बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल ले लाया गया, जहां एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई जबकि 6 महिलाएं उपचाराधीन हैं। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, जींद के ईगराह गांव में स्थित तालाब की खुदाई के कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया था। कुछ महिलाएं शनिवार सुबह धूप सेंकने के लिए पास ही मिट्टी के ढेर के पास बैठ गईं कि तभी मिट्टी का ढेर अचानक से खिसक गया था।

## आप के 7 विधायकों को खरीदने, दिल्ली सरकार को गिराने का रचा जा रहा षड्यंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लगाया आरोप



आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया और उन सात विधायकों तथा इस प्रस्ताव के साथ उससे संपर्क करने वालों के नाम सार्वजनिक करने की आप को चुनौती दी।

आप ने दावा किया कि पार्टी के एक विधायक से संपर्क करने वाले व्यक्ति की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है और जिसे बाद में जारी किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ''इन्होंने'' (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि आप संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, ''पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे'।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा, ''इससे पता चलता है कि केजरीवाल राजनीतिक रूप से कितने हताश हो गए हैं। उनका यह निराधार आरोप खुद को राजनीतिक रूप से जिंदा रखने की कोशिश है। यह आरोप उनके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है कि भाजपा 70 (सदस्यीय दिल्ली विधानसभा) में से 62 विधायकों वाली सत्तारूढ़ आप के विधायकों को तोड़ना चाहती है।'' केजरीवाल के अनुसार, फोन करने वाले ने आप के 21 विधायकों के संपर्क में होने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये और दिल्ली की आप नीत सरकार गिरने के बाद चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट दिए जाने का वादा किया गया। केजरीवाल ने कहा-उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अब तक सात विधायकों से ही संपर्क किया है और सभी ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।

## आयुध कारखाने में विस्फोट, कर्मी की मौत

**भंडारा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है।

## कार्यवाही को हल्के में लेने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

**घरेलू हिंसा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी वादी को घरेलू हिंसा की पीड़िता द्वारा शुरू की गई अदालती कार्यवाही को हल्के में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि घरेलू हिंसा (डीवी) अधिनियम उन महिलाओं के संविधान-प्रदत्त अधिकारों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो परिवार के भीतर होने वाली हिंसा की शिकार हैं।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सत्र अदालत ने एक मजिस्ट्रेट अदालत के जुलाई 2022 के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें उसे अपनी पत्नी को 6,000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का एकपक्षीय निर्देश दिया गया था। अदालत का आदेश घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत (महिला के) पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पत्नी की याचिका पर पारित किया गया था।

## भाजपा ने की राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों, सह-प्रभारियों की नियुक्ति

▸▸ लोस चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा नेता सुरेंद्र नागर सह प्रभारी होंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय और आशा लाकड़ा सह प्रभारी होंगे। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य और राज्य के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि सतीश उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव नरिंदर सिंह को राज्य में चुनाव के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। रूपणी को चंडीगढ़ का भी चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक मामलों के लिए भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद को गोवा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी को दमन और दीव का चुनाव प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेता अशोक सिंघल को अरुणाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और अंडमान एवं निकोबार में राजनीतिक मामलों के प्रभारी वाई सत्य कुमार को केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं, को दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नामित किया गया है।

### बैजयंत पांडा को बनाया उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव की संगठनात्मक कमान सौंपी है। उड़ीसा के निवासी पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता भी हैं। उधर, प्रदेश के पांच नेताओं को गैर प्रदेशों का लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी से लोकसभा सदस्य रहे बैजयंत पांडा 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूत पकड़ रखने वाले पांडा को यहां मिशन-80 के लिए सत्ता-संगठन में समन्वय बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैजयंत पांडा बीजेडी के टिकट पर 15वीं और 16वीं लोकसभा में उड़ीसा केंद्रपाड़ा से सांसद थे। वह 2000 से 2009 तक दो बार राज्य सभा के सांसद भी रहे। उधर, उप्र. के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत वाजपेई को झारखंड, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को कर्नाटक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और सांसद विजयपाल सिंह तोमर को उड़ीसा का चुनाव प्रभारी बनाया गया।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1170 डीएमओ 840।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये ।

## एक नजर

### जल्द शुरू होगा सीमा शुल्क 2.0: सचिव

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि सीमा शुल्क विभाग एक पूरी तरह से स्वचालित व्यापार इंटरफेस प्रणाली-सीमा शुल्क 2.0 विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के आने से विश्व बैंक की रैंकिंग में देश का स्थान बेहतर होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 समारोह में उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी मुख्य चालक बनने जा रही है।

### ओला की दिल्ली और हैदराबाद में ई-बाइक सेवा

**नई दिल्ली।** राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ओला ने दिल्ली और हैदराबाद में अपनी ई-बाइक सेवा शुरू करने की घोषणा की तथा बेंगलुरु में पायलट की सफलता के बाद इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। कंपनी ने कहा कि देश में इलेक्ट्रिफ़िकेशन का विस्तार करके ओला इन शहरों में अगले 2 महीनों में 10,000 ई-वाहन तैनात करेगा।

## भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

### वित्त मंत्री ने कहा-2027-28 तक जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को करना होगा पार

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की फेसलेस मूल्यांकन और एकल खिड़की निपटान जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।

सीतारमण ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ-सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा-भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

### आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

**कोलकाता।** विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा-यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है।

### भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

**कोलकाता।** जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है। श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने।

## देश के पहले डिजिटल केंद्र से होगी तेल और गैस कुओं की निगरानी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने ओएनजीसी दर्पण का किया उद्घाटन

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिए इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी।

इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा-एनर्जी स्टार्टअप्स: ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर' में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 726 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस

नई दिल्ली एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ अन्य देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में 'मेक इन इंडिया' सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी। कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

## हिमाचल में 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एकल खिड़की मंजूरी और निगरानी प्राधिकरण (एसएसडब्ल्यूसी और एमए) ने नए उद्यम स्थापित करने और विस्तार करने के लिए 27 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1,937 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। शनिवार को यहां जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, प्राधिकरण ने 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनसे 2,715 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय प्राधिकरण की 28वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने की।

## जेनरेटिव एआई पर खर्च होगा करीब तिगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एशिया प्रशांत में कंपनियों के लिए इन्फोसिस रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट




एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियां जेनरेटिव एआई (जेन एआई) में निवेश बढ़ा रही हैं। इन्फोसिस रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में इस तकनीक पर खर्च 2024 में लगभग तीन गुना होकर 3.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें कहा गया कि जहां यह खर्च उत्तरी अमेरिका से पीछे है, वहीं एपैक (एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग) में स्वीकार्यता, प्रभावशीलता और वृद्धि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी की शोध इकाई इन्फोसिस नॉलेज इंस्टीट्यूट (आईकेआई) ने कहा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कंपनियां जेनरेटिव एआई में तेजी से निवेश बढ़ा रही हैं और परिपक्वता के उच्च चरण में प्रवेश कर रही हैं। जहां एपैक में कंपनियां वर्तमान में जेन एआई पर खर्च में अपने उत्तरी अमेरिकी समकक्षों से पीछे हैं, वहीं शोध में किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में 140 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

इसमें कहा गया कि इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में अनुमानित 3.4 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इन्फोसिस की जेनरेटिव एआई रडार एपीएसी रिपोर्ट में कारोबारी दिग्गजों और एआई का उपयोग करने वालों का साक्षात्कार का विश्लेषण और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर के 1,000 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण शामिल है।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

हैदराबाद, एजेंसी

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।



### भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कैरियर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

### संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दी जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

### गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

# निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

काहिरा, एजेंसी

रिदम सांगवान और उज्ज्वल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा करापेयान और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

### अनुराधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

भारत की अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुराधा ने विश्व कप में अपना डेब्यू किया है। उन्होंने फाइनल में 24 शॉट्स की सीरीज में 239.9 का स्कोर किया और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन ग्रीक शूटर अन्ना कोराकाक्की से पीछे रहीं। कोराकाक्की फाइनल में 241.1 अंक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा ने 22 शॉट्स में 219.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रिदम सांगवान ने 20 शॉट्स में 197.3 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं।

# रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

मेलबर्न, एजेंसी

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।



### जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने डचमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंडस्लैम जीतने पर रोहन बोपन्ना को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि असाधारण प्रतिभाशाली रोहन बोपन्ना बार-बार यह साबित करते हैं कि आयु कोई बाधा नहीं है। उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं



**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनाशिप अंक थे।

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

मस्कट, एजेंसी

### आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला



भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## खेल डायरी

### अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6.5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

### हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

**वडोदरा।** हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### जगदीशन ने चंडीगढ़ के खिलाफ जड़ा तिहरा शतक



**कोयंबतूर।** नारायण जगदीसन ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शानदार तिहरा शतक जड़ा, जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी चार विकेट पर 610 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। दिन की शुरुआत 108 रन से करने वाले जगदीसन ने 403 गेंद की अपनी पारी में 23 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 321 रन बनाएं। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन पॉल (105) और बाबा इंद्रजीत (123) ने भी शतक जड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 499 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। चंडीगढ़ की टीम 47 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया है।

### दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 17 साल की उम्र में 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी।

# श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

मापुसा (गोवा), एजेंसी

**टेबल टेनिस**

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत को हार का मुंह देखना पड़ा।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं भारत की मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। महिला एकल के अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मनिका ने दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन पर आसान जीत हासिल कर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

भारत के मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

# रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

**मेलबर्न, एजेंसी।** रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

केपटाउन, एजेंसी

### भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# बॉलीवुड हलचल

## कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल



अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया।

## इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।

## सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया



30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।

– वीर विनोद छाबड़ा


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में टकराव, सभी कार्यवाही पर सुप्रीम रोक, सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



**आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र मामला: खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी लगी रोक**

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए 'कदाचार' के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल में सरकारी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हालांकि, बंगाल सरकार ने इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख किया, जिसने एकल पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। बाद में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि खंडपीठ के आदेश के बावजूद सीबीआइ की ओर से जांच जारी रहेगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इसी के साथ अपने आदेश में खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर बंगाल की एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो निलंबित


**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

# क्षुद्रग्रह रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

**वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की हुई उत्पत्ति**

नैनीताल कार्यालय




क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

### पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ती बताने में आसान करेगी।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

### ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

**तेहरान।** पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

# फ्रांस में आपका स्वागत है हमारे दोस्तों

## फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी



### अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।

इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।

### भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

**माले।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

## मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।

उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

# अदन की खाड़ी में जहाज पर हमला, 22 भारतीय क्रू सवार



लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा में उठता धुंआ।

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय नौसेना ने कहा आईएनएस विशाखापट्टनम किया गया तैनात**

भारतीय नौसेना ने शनिवार को बताया कि अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी।

भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात कर दिया गया है। नौसेना ने बताया कि संकटग्रस्त मर्चेंट वेसल को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएनएस विशाखापट्टनम द्वारा तैनात अग्निशमन उपकरणों के साथ मर्चेंट वेसल पर सहायता भेजा जा रहा है। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस मर्चेंट शिप में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना शिप की सुरक्षा और समुद्र में लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नवाज ने जारी किया घोषणा पत्र, कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अगस्त 2019 में लिए गए अपने फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

### सड़क पर उतरे किसान...



**फ्रांसः** 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान अपने 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

## चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

# जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

**आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई**

नई दिल्ली, एजेंसी



मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

## ईडी ने पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के लिए एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सीएम सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी को तारीख देने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, अन्यथा एजेंसी खुद पूछताछ करने के लिए जाएगी। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किया गया है। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था।



# गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

**यूएन की शीर्ष कोर्ट ने युद्ध विराम का आदेश देने से किया इनकार नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया**

**द. अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा- यह न्याय की ओर पहला कदम, कोर्ट के फैसले पर जताई खुशी**

हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें।

हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। अदालत के फैसले के बाद अफ्रीका ने कहा-इजराइल पर लगाए गए नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया हैं। वहीं, इजराइल ने अदालत के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमान जनक बताया है। बता दें, इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अदालत का रुख किया था। अफ्रीका ने युद्ध विराम की मांग की थी।


### 24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दावा किया है कि 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने कहा कि विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

**अंकुश** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

# एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी



एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।


### टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत




टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान महीने में एक बार ही कट जाएगा।

# सोमनाथ मंदिर के पास की भूमि कराई खाली, 21 घर गिराए

गिर सोमनाथ, एजेंसी



**गुजरात में अतिक्रमण विरोधी अभियान 53 झोपड़ियां हटाईं**

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पीछे मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की तीन हेक्टेयर भूमि को खाली करने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट की जमीन को खाली कराने के लिए अनधिकृत रूप से बने करीब 21 घरों और 153 झोपड़ियों को गिराया गया।

घरों और झोपड़ियों को गिराने का अभियान शनिवार की सुबह शुरू हो गया। इस दौरान मामलतदार और 100 राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। इलाके में सुचारू रूप से अभियान चलाने के लिए भारी पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। राजस्व विभाग से जारी नोटिस के अनुसार, भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद वहां बाड़ लगाई जाएगी। सोमनाथ मंदिर अरब सागर के तट पर वेरावल शहर के पास प्रभास पाटन में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से पहला है। यह एक प्रमुख तीर्थस्थल है।

जिला कलेक्टर ने कहा, हमने अनधिकृत रूप से बने घरों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसे बाड़ लगाकर सुरक्षित किया जाएगा। इस अभियान से पहले हमने अतिक्रमणकारियों के प्रतिनिधियों के साथ 25 जनवरी को बैठक की और पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की।